छत्तीसगढ़ विधान सभा

प्रश्नोत्तर-सूची
दिसंबर-जनवरी ,2022-23 सत्र

सोमवार, दिनांक 2 जनवरी, 2023

भाग-1
तारांकित प्रश्नोत्तर

<u>बिलासपुर जिले में जल जीवन मिशन के तहत जारी टेंडर</u>
[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

1. (*क्र. 105) डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बिलासपुर जिले में 15 जुलाई 2022 से दिनांक 07 दिसम्बर, 2022 तक जल जीवन मिशन के तहत कितने टेंडर निकले और कितने टेंडरो के लिए रिटेंडर या संशोधित किया गया ? **(ख)** संशोधित टेंडर के लिए कितनी समय-सीमा निर्धारित की गयी थी ? ऑनलाइन , आफलाइन रिटेंडर के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित थी? **(ग)** अगर विभाग द्वारा नियमों के विरुद्ध टेंडर किये गए तो उस पर क्या -क्या कार्यवाही हुई ? **(घ)** इन टेंडरो के सम्बन्ध में जिला प्रशासन को कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं और उन पर क्या कार्यवाही की गई ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरु रुद्र कुमार) : (क)बिलासपुर जिले में 15 जुलाई 2022 से दिनांक 07 दिसम्बर, 2022 तक जल जीवन मिशन के तहत कुल 201 टेंडर निकाले गये। इनमें से 80 टेंडर-रिटेंडर तथा 15 टेंडरों के समय-सीमा में संशोधन किया गया। **(ख)** संशोधित एवं रिटेंडर के लिये निर्धारित समय-सीमा, निविदाकार की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। कोई भी निविदा ऑफ-लाइन रिटेंडर नहीं की गई है। **(ग)** विभाग द्वारा नियम के विरूद्ध टेंडर नहीं किये गये हैं।**(घ)** इन टेंडरों के संबंध में जिला प्रशासन को 03 शिकायतें प्राप्त हुई थी, जिनका निराकरण कर, प्रतिवेदन जिला प्रशासन को प्रेषित कर दिया गया है।

<u>जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता की जांच</u>
[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

2. (*क्र. 40) श्रीमती याशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** खैरागढ़ जिले में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत कितने ग्रामों में कार्य स्वीकृत किया गया है? **(ख)** प्रश्न ''क'' अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में से कितने ग्रामों में कार्य पूर्ण किए गए हैं एवं कितने में कार्य प्रारंभ है? प्रारंभ व पूर्णता की जानकारी ग्रामवार, विकासखंडवार प्रदान करें एवं ठेकेदार फर्म जिनके द्वारा कार्य किए जा रहे हैं, का नाम सहित जानकारी देवें । **(ग)** प्रश्न ''ख'' अनुसार किये जा रहें कार्यों में कौन सी कंपनी के पाईप का उपयोग किया जा रहा है क्या इसकी गुणवत्ता का जांच की गई है? यदि हां तो किसके द्वारा? तथा क्या पाया गया?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरु रुद्र कुमार) : (क) खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत विकासखण्ड खैरागढ़ के 217 ग्राम व विकासखण्ड छुईखदान के 221 ग्रामों, कुल 438 ग्रामों में कार्य स्वीकृत किये गये हैं। **(ख)** प्रश्न ''क'' अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में से 48 ग्रामों में कार्य पूर्ण किये गए हैं एवं 281 में कार्य प्रारंभ हैं। कार्य प्रारंभ, कार्य पूर्णता एवं ठेकेदार फर्म जिनके द्वारा कार्य किये जा रहे हैं का नाम सहित ग्रामवार, विकासखण्डवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार** है। **(ग)** प्रश्न ''ख'' अनुसार जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के ग्रामों में पाईप लाईन कार्यो में उपयोग किये जा रहे पाईपों की कंपनी की जानकारी, गुणवत्ता की जांच संबंधी जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार** है।

न्यूवोको, अल्ट्राटेक, न्यू विस्टा, अंबुजा, ईमामी सीमेंट संयंत्रों में ग्रीन बेल्ट की स्थापना

[आवास एवं पर्यावरण]

3. (*क्र. 129) श्री कुलदीप जुनेजा : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** ग्राम सोनाडीह में स्थित मेसर्स न्यूवोको विस्टास कारपोरेशन लि., ग्राम हिरमी में स्थित मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट लि., ग्राम रिसदा में स्थित मेसर्स न्यू विस्टा सीमेंट लि अंबुजा सीमेंट तथा ग्राम रिसदा एवं धनधनी में स्थित मेसर्स इमामी सीमेंट लि में कितनी भूमि ग्रीन बेल्ट के लिए आरक्षित है ? **(ख)** उपरोक्त भूमि पृथक- पृथक नामवार संयंत्रों की कुल भूमि का कितना प्रतिशत है? **(ग)** इस ग्रीन बेल्ट में किस-किस प्रजाति के कितने पेड़ लगाये गए थे ? **(घ)** इस संबंध में नियम प्रावधान अनुरूप जिनके द्वारा पेड़ नहीं लगाये गये, उनके विरूध्द क्या कार्यवाही की गई ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) जानकारी संलग्न प्रपत्र के कॉलम 4 अनुसार है।**(ख)जानकारी संलग्न प्रपत्र के कालम 5 अनुसार** है।**(ग)जानकारी संलग्न प्रपत्र के कॉलम 7 अनुसार** है।**(घ)** प्रश्नांश **(क)** में उल्लेखित सीमेंट संयत्रो द्वारा वांछित वृक्षारोपण /ग्रीन बेल्ट विकसित किया गया है। अतः कार्यवाही का प्रश्न उपस्थित नहीं होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - एक"]

चित्रकोट वि.स. क्षेत्र में क्रेशर खदान एवं रेत खनन के संचालन हेतु प्रदत्त अनुमति

[खनिज साधन]

4. (*क्र. 131) श्री राजमन बेंजाम : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत किन-किन ठेकेदारों को क्रेशर खदानों के संचालन एवं रेत खनन हेतु अनुमति प्रदान की गई है, विकासखंडवार बतावें ? क्या आबंटित खदानें पर्यावरण के मापदंडो के अनुरूप प्रदान की गयी हैं ? यदि हाँ, तो विकासखंडवार आबंटित क्रेशर खदान एवं रेत खनन तथा निर्धारित पर्यावरण मापदंडों की जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 20 ठेकेदारों को क्रेशर खदान संचालन की अनुमति दी गयी है। विकासखंडवार जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है। चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान में किसी भी ठेकेदार को रेत खनन हेतु अनुमति प्रदान नही किया गया है। जी हाँ, आबंटित खदानें पर्यावरण मापदंडो के अनुरूप प्रदान की गई है। आबंटित खदानों को वन, पर्यावरण तथा जलवायु परिवर्तन विभाग, भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य हेतु गठित राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, द्वारा खनन गतिविधियों हेतु जारी किये जाने वाले पर्यावरण सम्मति अंतर्गत निर्धारित मापदण्डों एवं शर्तों के तहत् अनुमति प्रदत्त किया जाता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - दो"]

जिला बालोद में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जारी प्रशासकीय स्वीकृति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

5. (*क्र. 188) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला बालोद में जल जीवन मिशन के अंतर्गत दिनांक 07 दिसम्बर, 2022 तक कितनी योजनाओं की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है? कार्यवार स्वीकृति दिनांक एवं राशि सहित बतावें ? **(ख)** कण्डिका 'क' में स्वीकृत कार्यों की अद्यतन स्थिति क्या है? कार्यवार बतावें एवं कार्यों की गति धीमी होने के क्या कारण है?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरु रुद्र कुमार) : (क) जिला बालोद में जल जीवन मिशन के अंतर्गत दिनांक 07 दिसम्बर, 2022 तक 1789 योजनाओं की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। कार्यवार स्वीकृति दिनांक एवं राशि की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र-ब** अनुसार है। **(ख)** कंडिका ''क'' में स्वीकृत कार्यो की अद्यतन स्थिति का कार्यवार विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। कार्य की गति धीमी होने के निम्न कारण हैः- यथा-कुशल श्रमिकों की कमी, सामाग्रियों की आपूर्ति में विलंब तथा ग्रामीणों द्वारा स्थल विवाद है।

विधानसभा क्षेत्र पंडरिया अंतर्गत विद्युत वितरण केंद्र व सब स्टेशन

[ऊर्जा]

6. (*क्र. 222) श्रीमती ममता चन्द्राकर : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र पंडरिया अंतर्गत कितने विद्युत वितरण केंद्र व सबस्टेशन सत्र 2018 - 19 से वर्तमान सत्र तक स्वीकृत तथा प्रस्तावित हैं? **(ख)** कंडिका "क" के अंतर्गत कितने स्वीकृत विद्युत वितरण केंद्र व सब स्टेशन के कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा कितने का स्थापना कार्य शेष है, उसके क्या कारण है और कब तक पूर्ण रूप से स्थापित हो जायेगा?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) पण्डरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2018-19 से 30 नवम्बर 2022 तक की स्थिति में कुल 05 नग वितरण केन्द्र इन्दौरी, मरका, कापदा, उड़िया एवं दामापुर तथा 33/11 के.व्ही. के 02 नग सब-स्टेशन ग्राम उड़िया (कारेसरा) एवं बिरमपुर (गांगपुर) में स्वीकृत हुए है। वर्तमान में कोई भी विद्युत वितरण केन्द्र तथा उपकेन्द्र प्रस्तावित नहीं है। **(ख)** उत्तरांश "क" के परिप्रेक्ष्य में स्वीकृत सभी वितरण केन्द्र इंदौरी, मरका, उडिया, कापादाह तथा दामापुर संचालित है, तथा 33/11 के.व्ही. के स्वीकृत 02 नग सब-स्टेशन ग्राम उड़िया (कारेसरा) एवं बिरमपुर (गांगपुर) के निर्माण हेतु निविदा प्रक्रियाधीन है। उपरोक्त दोनों उपकेन्द्रों के कार्य जून 2023 तक पूर्ण किये जाने के प्रयास हैं।

जिला-राजनांदगांव में गृह निर्माण मंडल को सामान्य आवास योजना अंतर्गत आबंटित भूमि

[आवास एवं पर्यावरण]

7. (*क्र. 108) श्री भुनेश्वर शोभाराम बघेल : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल राजनांदगांव को चिखली राजनांदगांव में सामान्य आवास योजना अंतर्गत कोई भूमि आवंटित की गई है ? **(ख)** यदि हां तो कब व कितनी भूमि आवंटित की गई है, खसरा नंबर, रकबा सहित जानकारी देवें ? **(ग)** क्या उक्त योजना अंतर्गत आवंटित /स्वीकृत भूमि का नक्शा नगर तथा ग्राम निवेश द्वारा एप्रूव्ड किया गया है ? यदि हां तो कॉलोनी प्रवेश हेतु नक्शा में एमआर रोड के लिए कितने मीटर स्थान छोड़ा गया है। एमआर रोड हेतु छोड़े गए स्थल में वर्तमान में कितनी चौड़ी सड़क निर्मित है ? प्रस्तावित एमआर रोड अनुसार सड़क चौड़ीकरण का कार्य कब तक व किस के द्वारा किया जाएगा ? **(घ)** चिखली स्थित सामान्य आवास योजना अंतर्गत मंडल द्वारा कुल कितने हितग्राहियों को आवास /रिक्त भूखंड आवंटित किया गया है ? उनमें से कितने हितग्राहियों से बेटर लोकेशन चार्जेस लिया गया है, जानकारी देवें ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क)जी हां।**(ख)**दिनांक 05.09.2014 को नजूल भूखण्ड क्रमांक 9 एवं 35/7 में से 12.31 एकड़ अर्थात् 536220.00 वर्गफुट भूमि आबंटित की गई है।**(ग)**जी हां। 30 मीटर चौडाई का एम.आर.रोड़ के लिए स्थान छोड़ा गया है। एम.आर. रोड़ हेतु छोड़े गये स्थल में वर्तमान में 4.5 मीटर चौड़ी डामरीकृत सड़क निर्मित है। उक्त कालोनी नगर पालिक निगम राजनांदगांव को हस्तांतरित की जा चुकी है। हस्तांतरण दिनांक पश्चात् कॉलोनी के समस्त विकास एवं संधारण कार्य किया जाना नगर पालिक निगम के क्षेत्राधिकार में है।**(घ)**184 हितग्राहियों को आवास तथा 06 हितग्राहियों को भूखंड आबंटित किया गया है। उनमें से 28 हितग्राहियों से बेटर लोकेशन चार्जेस लिया गया है।

न्यू स्वागत विहार डूंडा के अंतर्गत आने वाली शासकीय भूमि का उपयोग

[आवास एवं पर्यावरण]

8. (*क्र. 110) श्री सत्यनारायण शर्मा : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** न्यू स्वागत विहार डूंडा में संजय बाजपेयी बिल्डर को अनुमोदित ले आउट में कितनी शासकीय भूमि सम्मिलित है? खसरा नम्बर और रकबा सहित जानकारी देवें. इन शासकीय भूमियों में बिल्डर द्वारा कितने प्लाट बनाये गए हैं और कितने विक्रय किये गए हैं? पूर्ण विवरण देवें. **(ख)** जिस शासकीय भूमि के चारों ओर बिल्डर की भूमि है, ऐसी शासकीय भूमि को शासन द्वारा वापस लेकर किस प्रयोजन के लिए उपयोग किया जा सकता है ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) न्यू स्वागत विहार ग्राम-डुण्डा में संजय बाजपेयी बिल्डर के अनुमोदित लेआउट में शासकीय भूमि खसरा क्रं. 252/1, 252/3, 252/4, 252/5, 252/6, 252/7, 500/1 एवं 574 कुल रकबा 7.592 हे. थी। जिसे अवैधानिक होने के कारण निरस्त किया जा चुका है।**(ख)** शासकीय भूमि आज भी शासन की ही है। अतः

वापस लेने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता। किस प्रयोजन के लिए उपयोग किया जा सकता है यह बताया जाना संभव नहीं है।

विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत सोलर आधारित नल-जल योजना, एकल ग्राम नल जल योजना एवं रेट्रोंफिटिंग योजना की स्वीकृति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

9. (*क्र. 172) श्री केशव प्रसाद चंद्रा : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा जैजैपुर के अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत किन-किन ग्रामों में सोलर आधारित नल-जल योजना, एकल ग्राम नल जल योजना एवं रेट्रोंफिटिंग योजना स्वीकृत की गई है ? **(ख)** प्रश्नांक "क" के उत्तर में वर्णित योजना की स्वीकृति राशि एवं अनुबंध राशि एवं कार्य की प्रगति एवं की गई भुगतान की राशि कार्यवार बतायें। **(ग)** क्या क्या उपरोक्त निर्माण में अनियमितता एवं गुणवत्ता-विहीन कार्य की शिकायतें प्राप्त हुई हैं ? यदि हां, तो शिकायतवार की गई कार्यवाही की जानकारी देवें?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरु रुद्र कुमार) : (क) विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर के अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना किन-किन ग्रामों में सोलर आधारित नल-जल योजना, एकल ग्राम नल जल योजना एवं रेट्रोफिटिंग योजना स्वीकृति के ग्रामों की जानकारी योजनावार **संलग्न प्रपत्र-अ सोलर, संलग्न प्रपत्र-ब एकल ग्राम योजना एवं संलग्न प्रपत्र-स रेट्रोफिटिंग अनुसार** है।**(ख)** प्रश्नांश ''क'' के उत्तर में वर्णित योजना की स्वीकृत राशि एवं अनुबंध राशि एवं कार्य की प्रगति एवं भुगतान की राशि व कार्यवार **संलग्न प्रपत्र-अ सोलर, संलग्न प्रपत्र-ब एकल ग्राम योजना एवं संलग्न प्रपत्र-स रेट्रोफिटिंग अनुसार** है।**(ग)** जी हां। शिकायतों की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने अधीक्षण अभियंता, बिलासपुर को निर्देशित किया गया है। प्रतिवेदन अप्राप्त है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तीन"]

बलौदा बाजार-भाटापारा जिलें में D M F फंड के अंतर्गत प्राप्त एवं व्यय राशि

[खनिज साधन]

10. (*क्र. 44) श्री प्रमोद कुमार शर्मा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** माह अप्रैल, 2021 से नवम्बर 2022 तक बलौदाबाजार-भाटापारा जिला में DMF फंड अंतर्गत कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई, प्राप्त राशि में से कितनी-कितनी राशि कितने कार्यो में ब्यय की गई, विकासखण्डवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** DMF फंड की राशि किसकी अनुशंसा पर खर्च की जाती है, नियमानुसार राशि को किस- किस मद में खर्च किया जा सकता है। प्रश्नावधि में किस-किस कार्यो में खर्च किया गया, विकासखण्डवार,वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** प्रश्नांश 'ख' के कार्यो में अनियमितता की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई,प्राप्त शिकायतों में क्या क्या कार्यवाही की गयी?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) माह अप्रैल 2021 से नवम्बर, 2022 तक बलौदाबाजार-भाटापारा जिला में डीएमएफ फंड अंतर्गत 82.9737 करोड़ रूपये प्राप्त हुई। न्यास निधि से स्वीकृत कार्यों एवं व्यय की विकासखण्डवार जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** डी.एम.एफ. फण्ड की राशि शासी परिषद् से वार्षिक कार्ययोजना के अनुमोदन/अनुशंसा पर खर्च की जाती है। नियमानुसार उच्च प्राथमिकता के क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण उपाय, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, कृषि एवं अन्य संबंद्ध गतिविधियां, महिला एवं बाल कल्याण, वृद्ध एवं निःशक्तजन के कल्याण, कौशल विकास एवं रोजगार, स्वच्छता, जनकल्याण, सतत जीविकोपार्जन एवं अन्य प्राथकिता में भौतिक अधोसंरचना, सिंचाई, उर्जा एवं जल विभाजक विकास, सार्वजनिक परिवहन, सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षण, युवा गतिविधियों को बढ़ावा, मूलभुत सुविधाएं मद में व्यय किये जाने का प्रावधान है। प्रश्नांकित अवधि में स्वीकृत कार्यों पर व्यय की गई राशि की विकासखण्डवार, वर्षवार जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब''** अनुसार है। **(ग)** प्रश्नांश 'ख' के कार्यो में अनियमितता की कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

प्रदेश में पंप कनेक्शन हेतु स्वीकृत तथा लंबित आवेदन

[ऊर्जा]

11. (*क्र. 180) श्री शिवरतन शर्मा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में सत्र 2020-21, 2021-22 तथा 2022-23 में किस-किस जिले में कितने-कितने किसानों के सिंचाई पंप के स्थायी कनेक्शन हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं ? प्रश्नावधि में कितने आवेदन स्वीकृत हुए तथा किस-किस जिले में कितने किसानों ने स्वीकृति के आधार पर कनेक्शन हेतु विद्युत विभाग को राशि जमा की है? **(ख)** प्रश्नावधि में किस-किस जिले में कितने कितने (स्थायी तथा अस्थायी) पंप कनेक्शन लगे तथा कितने स्थायी कनेक्शन देना शेष है ? जिलेवार जानकारी प्रदान करें?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) प्रदेश में प्रश्नाधीन अवधि में दिनांक 30.11.2022 की स्थिति में कृषकों को सिंचाई हेतु स्थायी विद्युत पम्प कनेक्शन के प्राप्त आवेदन, स्वीकृत आवेदन तथा औपचारिकता पूर्ण आवेदनों के संख्या की वर्षवार एवं जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** प्रदेश में प्रश्नाधीन अवधि में दिनांक 30.11.2022 की स्थिति में ऊर्जीकृत किये गये स्थायी तथा अस्थायी सिंचाई पम्प कनेक्शनों की संख्या की वर्षवार एवं जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। दिनांक 30.11.2022 की स्थिति में 51,926 कृषि पम्पों के आवेदन विद्युत लाईन विस्तार हेतु एवं 6,706 आवेदन भुगतान हेतु अथवा स्वीकृति हेतु लंबित है। इस तरह कुल 58,632 आवेदन लंबित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चार"]

खुज्जी विधानसभा श्रेत्रान्तर्गत जल जीवन मिशन के तहत नल-जल योजना का क्रियान्वयन

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

12. (*क्र. 200) श्रीमती छन्नी चंदू साहू : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2019-2020 से 30-11-2022की स्थिति में नल जल योजना अंतर्गत पानी टंकी निर्माण एवं पाईप लाइन विस्तार हेतु कितनी-कितनी राशि की स्वीकृति एवं आंबटन प्राप्त हुआ है? प्राप्त राशि के विरुद्ध कितनी-कितनी राशि व्यय की गई ? मदवार विस्तृत विवरण देवें ? **(ख)** कंडिका "क" के तहत कहाँ-कहाँ और कितनी-कितनी राशि के पानी टंकी एवं पाईप लाइन विस्तार कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं और कितने कार्य अपूर्ण हैं? विकास खंडवार विस्तृत विवरण देवें? **(ग)** क्या यह सही है कि कंडिका "क" के तहत कराए गए कार्यो के क्रियान्वयन में अनियमितता विभाग के संज्ञान में आई हैं? यदि हाँ तो उन पर क्या कार्यवाही की गई हैं?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरु रुद्र कुमार) : (क) खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2019-2020 से दिनांक 30.11.2022 की स्थिति में जल जीवन मिशन के तहत् नलजल योजना अंतर्गत पानी टंकी निर्माण एवं पाईप लाइन विस्तार हेतु पृथक से स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है। अपितु नलजल योजना अंतर्गत टंकी निर्माण एवं पाईप लाईन के कार्य सम्मिलित है। उक्त कार्य हेतु योजनांतर्गत स्वीकृत एवं व्यय राशि का मदवार विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार** है। ग्रामवार या विकासखण्डवार आबंटन प्राप्त नहीं होता है। अपितु जिलेवार आबंटन प्राप्त होता है।**(ख)** कंडिका ''क'' के तहत विकासखण्डवार, ग्रामवार पानी टंकी एवं पाईप लाईन विस्तार के कार्यो के पूर्ण, अपूर्ण एवं व्यय का विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार** है। **(ग)** जी नहीं।

प्रदेश में हाथियों की मृत्यु

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

13. (*क्र. 156) श्री धर्मजीत सिंह : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ प्रदेश में सन् 2019-20, 2020-21 2021-22 में कितने हाथियों की मौत किन- किन कारणों से कहां-कहां हुई है और उसके कारण क्या थे? **(ख)** कंडिका "क" में से क्या कोई करेंट से भी मरने की घटना हुई है, और यदि हुई है तो कौन-कौन अपराधी पकड़े गए और किस पर क्या कार्यवाही हुई है, बताने का कष्ट करेंगे?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : प्रश्न ''क'' एवं ''ख'' की जानकारी संलग्न ''प्रपत्र''में दर्शित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पाँच"]

जल जीवन मिशन योजना के क्रियान्वयन की स्थिति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

14. (*क्र. 208) श्री बघेल लखेश्वर : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बस्तर जिला अंतर्गत कुल कितने ग्रामों में जल जीवन मिशन योजना का क्रियान्वयन किया जाना है? कृपया विकासखण्डवार संख्यात्मक जानकारी देंवे ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के परिपेक्ष्य में जिला बस्तर में जल जीवन मिशन योजना के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति बतावें ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरु रुद्र कुमार) : (क) बस्तर जिला अंतर्गत कुल 614 ग्रामों में जल जीवन मिशन योजना का क्रियान्वयन किया जाना है। विकासखंडवार संख्यात्मक जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।**(ख)** प्रश्नांश ''क'' के परिप्रेक्ष्य में जिला बस्तर में जल जीवन मिशन योजना के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छः"]

बिलासपुर में अवैध प्लाटिंग के प्रकरणों की प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही

[आवास एवं पर्यावरण]

15. (*क्र. 48) श्री शैलेश पांडे : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- 1 अप्रैल, 2022 से 30 नवंबर, 2022 तक बिलासपुर में अवैध प्लाटिंग के कितने प्रकरणों की शिकायत प्राप्त हुई और उन शिकायतों पर क्या क्या कार्यवाही की गई? जानकारी प्रदान करें?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : प्रश्नाधीन अवधि में बिलासपुर में अवैध प्लाटिंग के संबंध में आवास एवं पर्यावरण विभाग को शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। अतः शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता ।

डोंगरगाव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वोल्टेज समस्या के निराकरण के प्रकरणों पर कार्यवाही

[ऊर्जा]

16. (*क्र. 120) श्री दलेश्वर साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मुख्य अभियंता, राजनांदगाव क्षेत्र (छत्तीसगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड) में 01-04-2022 से प्रश्नावधि तक विधानसभा क्षेत्र डोंगरगाव अंतर्गत वोल्टेज समस्या के निदान हेतु कितने अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाए गए व क्षमतावर्धन किये गए हैं ? निम्न दाब विस्तार एवं कन्वर्सन कितने किलोमीटर किया गया? **(ख)** क्या विधानसभा क्षेत्र डोंगरगाव के ग्राम डुंडेरा/विचारपुर नवागांव में 33/11 के व्ही सब स्टेशन की स्थापना के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी से निर्देश प्राप्त हुआ है? यदि हाँ तो कब तक स्वीकृत किया जायेगा? वोल्टेज समस्या के निराकरण के लिए कितने ग्रामों के प्रकरण प्राप्त हुए? उन पर क्या कार्यवाही की गयी वितरण केन्द्रवार, ग्रामवार जानकारी देवें?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के राजनांदगांव क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र डोंगरगांव में दिनांक 01.04.2022 से दिनांक 18.12.2022 तक वोल्टेज समस्या के निदान हेतु ग्राम-टप्पा में स्थित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र में स्थापित पावर ट्रांसफार्मर की क्षमतावृद्धि (3.15 एमव्हीए से 5 एमव्हीए) का कार्य दिनांक 15.10.2022 को पूर्ण किया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम दर्रीखार में 25 केव्हीए ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि कर 63 केव्हीए किया गया एवं 33/11 केव्ही टप्पा उपकेन्द्र से 2.5 किमी 11 केव्ही लाइन खीचकर 11 केव्ही डुण्डेरा फीडर का निर्माण किया गया। **(ख)** विधानसभा क्षेत्र डोंगरगांव के ग्राम डुण्डेरा में 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय निवास के माध्यम से माननीय विधायक श्री दलेश्वर साहू का पत्र प्राप्त हुआ। ग्राम डुण्डेरा एवं आसपास के ग्रामों के लो-वोल्टेज समस्या के निदान हेतु ग्राम टप्पा में स्थित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र में स्थापित पावर ट्रांसफार्मर की क्षमतावृद्धि तथा एक अतिरिक्त 11 के.व्ही. फीडर (डुण्डेरा फीडर) निर्माण पूर्ण किया गया। विद्युत विभाग को ग्राम विचारपुर नवागांव में 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र स्थापना हेतु किसी तरह का पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। क्षेत्र की लोवोल्टेज की समस्या के निराकरण के लिए ग्राम-एल.बी. नगर में 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र में स्थापित 3.15

एमव्हीए पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि के कार्य हेतु निविदा प्रक्रियाधीन है। इसके अतिरिक्त डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में शिकायत प्राप्त होने पर 20 ग्रामों के 22 स्थानों पर स्थापित वितरण ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि हेतु प्राक्कलन स्वीकृति किये गये है। इसके लिए निविदा आदि के कार्य प्रगति पर है। स्वीकृत कार्यों की वितरण केन्द्रवार एवं ग्रामवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सात"]

डीएमएफ मद में प्राप्त राशि
[खनिज साधन]

17. (*क्र. 32) डॉ. रमन सिंह : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2018-19 से नवम्बर, 2022 के मध्य केन्द्र सरकार से डीएमएफ मद में राज्य सरकार को कुल कितनी राशि प्राप्त हुई है, जिलेवार विवरण देवें। **(ख)** क्या राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में डीएमएफ मद से संबंधित नियमों में संशोधन किया गया है, यदि हां तो उक्त संशोधन की जानकारी देवें? **(ग)** प्रश्नांकित अवधि में डीएमएफ मद की राशि में से एनजीजीबी योजना में अब तक कितनी राशि व्यय की गई, जिलेवार एवं योजनावार जानकारी देवे?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) वित्तीय वर्ष 2018-19 से नवम्बर, 2022 के मध्य केन्द्र सरकार से डीएमएफ मद में राज्य सरकार को कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है। अतः जानकारी निरंक है।**(ख)** जी नहीं। वर्तमान वित्तीय वर्ष दिनांक 21.12.2022 तक राज्य सरकार द्वारा डीएमएफ मद से संबंधित नियमों में कोई संशोधन नहीं किया गया है। **(ग)** प्रश्नांकित अवधि में डीएमएफ मद की राशि में से एनजीजीबी योजना में व्यय की गई राशि की जिलेवार एवं योजनावार जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - आठ"]

शिकायतों पर कार्यवाही
[सामान्य प्रशासन]

18. (*क्र. 266) श्री बृजमोहन अग्रवाल : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या वर्ष 2019 से वर्ष 2022 में 08/12/2022 तक प्रवर्तन निदेशालय ई.डी. और आयकर विभाग ने राज्य शासन/मुख्य सचिव को राज्य के अधिकारियों के अनियमितता के संबंध में जानकारी दी है? यदि हां तो किन-किन अधिकारियों के किन-किन मामलों में अनियमितता की जानकारी कब-कब दी गई है? राज्य शासन ने किन-किन मामलों में क्या-क्या कार्यवाही की है? **(ख)** कंडिका ''क'' के पत्रों में दी गई जानकारी के आधार पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कंडिका '' क'' के अंतर्गत दर्ज संस्थाओं द्वारा क्या कोई प्रकरण भी दर्ज किए हैं, यदि हां तो कहां-कहां पर और वर्तमान में इन अधिकारियों पर कौन-कौन सी कार्यवाही प्रचिलत है? **(ग)** कंडिका ''क'' और ''ख'' के परिपालन में राज्य शासन ने अभी तक किन-किन प्रकरणों में किन-किन अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की है, बतावें?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) जानकारी संलग्न प्रपत्र 'अ' में दर्शित है। (ख) "ख" की जानकारी प्रवर्तन निदेशालय एवं आयकर विभाग से संबंधित है, जो केन्द्र सरकार के कार्यालय है। **(ग) जानकारी संलग्न प्रपत्र 'ब' में दर्शित है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - नौ"]

अटल नगर, रायपुर स्थित जंगल सफारी में सुरक्षा व्यवस्था में व्यय राशि
[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

19. (*क्र. 149) डॉ. रेणु अजीत जोगी : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अटल नगर, नवा रायपुर स्थित जंगल सफारी में रखे गए जानवरों और वहां आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाये गए हैं? क्या पूरे परिसर की बाड़ाबंदी की गयी है? **(ख)** जंगल सफारी में जनवरी, 2021 से नवंबर, 2022 की अवधि में सुरक्षा से संबंधित किस मद में कितना व्यय किया गया है? **(ग)** जंगल सफारी में जनवरी, 2020 से नवंबर, 2022 तक जानवरों में संक्रमण फैलने के कितने प्रकरण प्राप्त हुए हैं?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) प्रत्येक बाड़ों में ड्रायमोट तथास्टैंड-ऑफ बेरियरका निर्माण तथा पैडाक एरिया

को मजबूत आधार वाले जी.आई. चैनलिंक से घेरा गया है। समस्त परिवहन सफारी में बसों को मजबूत जाली से घेरा गया है तथा दरवाजों पर गाईड की नियुक्ति की गयी है। जी हां । पूरे परिसर की बाड़ा बंदी की गयी है।**(ख)** व्यय का विवरण निम्नानुसार है:-

मद	व्यय राशि (रूपये में)
सामान्य मद	2,15,60,185.00
गेटमनी मद	1,30,14,638.00
योग	3,45,74,823.00

(ग) निरंक ।

राज्य कैम्पा निधि से वृक्षारोपण हेतु आबंटित एवं व्यय राशि

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

20. (*क्र. 68) श्री प्रकाश शक्राजीत नायक : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वन मण्डल परिक्षेत्र रायगढ़, सारंगढ़, धरमजयगढ़ अंतर्गत राज्य कैम्पा निधि से वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में कितने रकबा एवं हेक्टेयर में वृक्षारोपण किया गया? वन परिक्षेत्र सहित स्थलवार रोपित वृक्षों की मात्रा की जानकारी बतावें? **(ख)** वृक्षारोपण हेतु कहां-कहां, कितनी-कितनी राशि आबंटित की गई? आबंटन के विरूद्ध कितनी राशि व्यय की गई ? **(ग)** वृक्षारोपण हेतु नियोजित श्रमिकों की मजदूरी दर क्या थी? मजदूरों को उनकी मजदूरी का भुगतान बैंक खाता के माध्यम से या नगद किया गया है? जानकारी देवें ? **(घ)** क्या मजदूरी भुगतान में नियमों का पालन किया गया है ? यदि नहीं तो संबंधितों पर क्या कार्यवाही की गई ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) जानकारी संलग्न''प्रपत्र'' में दर्शित है।(ख) जानकारी संलग्न''प्रपत्र'' में दर्शित है।(ग) वृक्षारोपण हेतु नियोजित श्रमिकों की मजदूरी दर प्रति मानव दिवस राशि 306.67 रू. थी। मजदूरो को उनकी मजदूरी का भुगतान बैंक खाता के माध्यम से किया गया है।**(घ)** जी हां, मजदूरी भुगतान में नियमों का पूर्णरूपेण पालन किया गया है, अतः कार्यवाही का प्रश्न उपस्थित नहीं होता ।
[संलग्न "परिशिष्ट - दस"]

मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री द्वारा प्रवास के दौरान की गई घोषणाएं

[सामान्य प्रशासन]

21. (*क्र. 35) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** माननीय मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2019 से दिनांक 10 दिसम्बर, 2022 तक मुंगेली विधानसभा के विभिन्न कार्यक्रमों/दौरा/प्रवास के दौरान कितनी घोषणाएं की गई हैं ? **(ख)** कंडिका 'क' की कितनी घोषणाओं को क्रियान्वयन हेतु सम्बंधित विभाग को भेजा गया है ? **(ग)** कंडिका 'क' एवं 'ख' के परिपेक्ष्य में कितनी घोषणाओं का क्रियान्वयन करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की गई है? कौन-कौन सी घोषणाएं दिनांक 10 दिसम्बर,2022 तक लंबित हैं एवं कब तक क्रियान्वित की जावेंगी, समय अवधि बतावें?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) वर्ष 2019 से दिनांक 10 दिसम्बर, 2022 तक मुंगेली विधानसभा में विभिन्न कार्यक्रमों/ दौरा/प्रवास के दौरान कुल 18 घोषणाएं की गई है। **(ख)** कंडिका "क" के परिप्रेक्ष्य में समस्त कुल 18 घोषणाओं को क्रियान्वयन हेतु संबंधित विभागों को भेजी जा चुकी है।**(ग)** कंडिका "क" एवं "ख" के परिप्रेक्ष्य में 15 घोषणाओं का क्रियान्वयन पूर्ण है तथा 10 दिसम्बर 2022 की स्थिति में निम्नांकित 3 घोषणाएं लंबित हैं-1. पुलिया-आगर नदी से मुख्य मार्ग से अमर टापू तक चौड़ीकरण।2. जिला चिकित्सालय मुंगेली में RTPCR लैब।3. पथरिया में पॉलीटेक्निक कॉलेज की स्थापना।उक्त लंबित घोषणाओं की क्रियान्वित किए जाने की निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

कैम्पा मद से प्राप्त एवं व्यय राशि

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

22. (*क्र. 261) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायगढ़ जिले में वन विभाग के धरमजयगढ़ एवं रायगढ़ वनमंडल में वर्ष 2021-22 से नवम्बर, 2022 तक कैम्पा मद से किन-किन कार्यो के लिए कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई, परिक्षेत्रवार जानकारी प्रदान करें? **(ख)** प्राप्त राशि का किन-किन कार्यो पर व्यय किया गया? **(ग)** क्या अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां तो क्या कार्यवाही की गई?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे ''प्रपत्र - अ'' में दर्शित है । (ख) विवरण पुस्तकालय में रखे ''प्रपत्र-अ'' में दर्शित है । (ग) जी हां । जानकारी पुस्तकालय में रखे ''प्रपत्र-ब'' में दर्शित है।

सिहावा विधानसभा क्षेत्र के वनांचल क्षेत्रों में भारत नेटवर्क योजनांतर्गत नेटवर्क सुविधा

[इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी]

23. (*क्र. 184) डॉ. लक्ष्मी ध्रुव : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** सिहावा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भारत नेटवर्क योजना के तहत कितनी ग्राम पंचायतों में आनलाईन नक्शा ,खसरा, जाति और निवास प्रमाण पत्र हेतु आनलाईन सर्विस केन्द्र शुरू किया गया? वर्तमान में कितने आनलाईन सर्विस केन्द्र चल रहे हैं एवं कितने बंद हैं? **(ख)** इस योजनांतर्गत रिजर्व फारेस्ट में बसे ग्राम पंचायत रिसगांव, खल्लारी, करही, फरसगांव, के लगभग 17 ग्रामों में नेटवर्क सुविधा हेतु शासन द्वारा क्या-क्या कदम उठाए गए हैं ? **(ग)** क्या उक्त योजना के विस्तार हेतु टाईगर रिजर्व क्षेत्र में रोक लगाई गई है ? यदि हां तो क्यो ? नही तो कब नेटवर्क योजना का विस्तार किया जायेगा ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) भारत नेटवर्क जैसी कोई योजना संचालित नहीं है, अपितु प्रश्नाधीन क्षेत्रांतर्गत भारतनेट परियोजना के तहत केवल फाईबर केबल बिछाये जाने का प्रावधान है। अतः शेषांश की प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। **(ख)** रिजर्व फारेस्ट में बसे ग्राम पंचायत रिसगांव, खल्लारी, करही, फरसगांव के लगभग 17 ग्रामों में नेटवर्क सुविधा हेतु वन विभाग से ''राइट ऑफ़ वे'' (RoW) की अनुमति बाबत् कार्यवाही विचाराधीन है। **(ग)** जी नहीं। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता हैं। वर्तमान में निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं हैं।

मुख्यमंत्री उन्नयन विकास प्राधिकरण का पंजीयन

[सामान्य प्रशासन]

24. (*क्र. 77) श्री अजय चन्द्राकर : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मुख्यमंत्री उन्नयन विकास प्राधिकरण का पंजीयन कब कराया गया? इस प्राधिकरण में कितनी राशि अबकारी शुल्क से प्राप्त हुयी व उन राशियों में से कितनी-कितनी राशि किन-किन कार्यो के लिये व्यय की गई तथा कितनी राशि इस प्राधिकरण में शेष बची है? **(ख)** प्रश्नावधि तक कितनी बैठकें, किनकी अध्यक्षता में संपन्न हुई हैं ? इसके अंतर्गत कार्यो तथा राशि स्वीकृति की प्रक्रिया क्या है? **(ग)** उक्त प्राधिकरण अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यो की दर किस मापदंड के आधार पर, किन-किन कार्यो के लिये, कितनी-कितनी राशि निर्धारित की गयी है तथा वर्तमान में इसकी वित्तीय एवं भौतिक स्थिति विधानसभावार अलग-अलग बतायें?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) मुख्यमंत्री अधोसंरचना संधारण एवं उन्नयन प्राधिकरण का पंजीयन नहीं कराया गया है। इस प्राधिकरण के लिए अतिरिक्त आबकारी शुल्क से वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल 404.00 करोड़ तथा वर्ष 2022-23 में भी कुल 404.00 करोड राशि प्राप्त हुआ। उक्त राशि में से व्ययित, शेष राशि एवं कार्यों की जानकारी "**संलग्न प्रपत्र"** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नावधि तक माननीय मुख्यमंत्रीजी, अध्यक्ष प्राधिकरण की अध्यक्षता में एक बैठक (वर्चुअल माध्यम से) हुई है। प्राधिकरण के अंतर्गत कार्यों तथा राशि की स्वीकृति ''मुख्यमंत्री अधोसंरचना संधारण एवं उन्नयन प्राधिकरण निधि नियम, 2020'' में निहित प्रावधानों के अनुसार की जाती है। **(ग)**उक्त प्राधिकरण अंतर्गत अधोसंरचनाओं के रख-रखाव एवं उन्नयन हेतु रूपये 10 लाख की सीमा के कार्यो को प्राथमिकता क्रम में लेते हुए इससे आधिक्य राशि के कार्यो की स्वीकृत किये जाने का प्रावधान है। प्राधिकरण के अंतर्गत शासकीय मद से निर्मित परिसम्पत्तियों यथा-शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, पक्का धरसा एवं आवागमन (संचार) संबंधित अधोसंरचनाओं के रख-रखाव

एवं उन्नयन संबंधी कार्य किया जाएगा। अभी तक किसी भी कार्य के लिए राशि निर्धारित नहीं की गई है। निर्माण कार्यों के लिए अब तक कोई भी राशि स्वीकृत नहीं किया गया है।
[संलग्न "परिशिष्ट - ग्यारह"]

बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में कार्यरत विद्युत उप संभागों तथा जोन की जानकारी
[ऊर्जा]

25. (*क्र. 192) श्री आशीष कुमार छाबड़ा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में कितने विद्युत उप संभाग एवं जोन कार्यरत हैं ? **(ख)** क्या ग्राम भिभौरी को विद्युत उप संभाग बनाने हेतु राज्य शासन का प्रस्ताव विचाराधीन हैं ? **(ग)** प्रश्नांश "क" अंतर्गत बेमेतरा शहर में विद्युत वितरण केंद्र को कब तक विद्युत जोन में परिवर्तित किया जावेगा, जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के (संचारण/संधारण) संभाग, बेमेतरा के अंतर्गत 03 उपसंभाग यथा बेमेतरा, बेरला एवं दाढ़ी कार्यरत् हैं एवं जोन की संख्या निरंक है। **(ख)** जी नहीं, ग्राम भिंभौरी को विद्युत उपसंभाग बनाने हेतु कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं हैं। **(ग)** बेमेतरा (शहर) वितरण केन्द्र को विद्युत जोन में परिवर्तित करने का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

भाग-2

नियम 46(2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रुप में परिवर्तित तारांकित प्रश्नोत्तर

<u>अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में क्रेडा द्वारा कराये गए कार्य</u>
[ऊर्जा]

1. (क्र. 1) श्री सौरभ सिंह : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में किस-किस कार्य के लिए किस-किस मद से क्रेडा विभाग को पिछले वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष में दिनॉक 05/12/2022 तक कितनी राशि प्राप्त हुई ? **(ख)** उपरोक्त प्राप्त राशि से क्या-क्या कार्य, कितने साल की परफार्मिंस गारंटी के साथ ठेकेदार द्वारा कराये गये जानकारी देवें ? एवं इनमें से कितने कार्य किस कारण से अपूर्ण हैं ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) राज्य के बजट से क्रेडा को प्राप्त राशि में से अकलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रश्नावधि में विभिन्न परियोजनाओं में व्यय राशि का वर्षवार, कार्यवार, मदवार विवरण निम्नानुसार हैः-

क्रमांक	वित्तीय वर्ष	कार्य का नाम	मद का नाम	व्यय राशि (रू.लाख मे)
01	2021-22	35 नग सौर सिंचाई पंपों का स्थापना कार्य	सौर सुजला योजना	103.06
02		24 नग सोलर हाईमास्ट संयंत्रों का स्थापना कार्य	विशेष योजना (ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहन)	115.74
03	2022-23 मे 15.12.2022 तक	12 नग सौर सिंचाई पंपों का स्थापना कार्य	सौर सुजला योजना	32.22

(ख) उपरोक्त प्राप्त राशि से 47 नग सौर सिंचाई पंपों तथा 24 नग सोलर हाईमास्ट संयंत्रों के प्रदाय तथा स्थापना का कार्य 05 वर्ष की परफारमेंस गारंटी नही अपितु वारंटी के साथ ठेकेदार/स्थापनाकर्ता इकाईयों को आबंटित किया गया है। इनमें से 47 नग सौर सिंचाई पंपों तथा 14 नग सोलर हाईमास्ट संयंत्रों की स्थापना का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 09 सोलर हाईमास्ट संयंत्रों का स्थापना कार्य प्रगतिरत् है तथा 01 नग सोलर हाईमास्ट संयंत्र का कार्य स्थल परिवर्तन होने के कारण अप्रारंभ है।

<u>अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में क्रेडा द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत पानी टंकी निर्माण</u>
[ऊर्जा]

2. (क्र. 2) श्री सौरभ सिंह : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्रेडा द्वारा जल जीवन मिशन के तहत प्राप्त राशि से अकलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पिछले दो वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष में दिनॉक 05/12/2022 तक कहां-कहां पर कितनी क्षमता के सोलर आधारित पानी टंकी की स्थापना और निर्माण किस-किस एजेंसी द्वारा, कितनी लागत से किया गया हैं ? **(ख)** दिनॉक 05/12/2022 की स्थिति में कितनी कार्यरत हैं, कितने पानी टंकियों का निर्माण अधूरा है ? **(ग)** उपरोक्त पानी टंकियों के संचालन में कठिनाई एवं असुविधा की शिकायत के निराकरण के लिए क्या व्यवस्था की गई हैं ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) क्रेडा द्वारा जल जीवन मिशन के तहत् प्राप्त राशि से अकलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पिछले दो वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष में दिनांक 05/12/2022 तक कुल 74 स्थलों पर 01 एचपी/1200

वॉट (ऊँचाई 12 मीटर, 10000 लीटर वाटर स्टोरेज टैंक के साथ) क्षमता के सोलर ड्यूल पंप (सोलर आधारित पानी टंकी) की स्थापना का कार्य 04 एजेंसियों के द्वारा कुल राशि रूपये 10,95,20,000/-(रूपये दस करोड़ पन्चानबे लाख बीस हजार) की लागत से किया गया है। स्थलवार तथा एजेंसीवार जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** दिनांक 15.12.2022 की स्थिति मे 74 सोलर ड्यूल पंप पूर्ण/कार्यरत है। इसके अलावा 03 नग सोलर ड्यूल पंप (पानी टंकियों) का कार्य अप्रारंभ है। **(ग)** सोलर ड्यूल पंपों के संचालन मे कठिनाई एवं असुविधा की शिकायत के निराकरण हेतु क्रेडा द्वारा राज्य स्तर पर टोल फ्री नंबर 18001234591 प्रारंभ की गई है जिस पर कॉल कर कार्यालयीन समय में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। शिकायत दर्ज होने उपरांत तत्काल क्रेडा द्वारा अकलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संयंत्रों के संधारण/मानिटरिंग कार्य हेतु अनुबंधित सेवाकर्ता इकाईयों (तकनीशियन) को सोलर ड्यूल पंप में आवश्यक सुधार कार्य हेतु निर्देशित किया जाकर संयंत्रों की कार्यशीलता सुनिश्चित किये जाने की व्यवस्था की गई है। यदि संयंत्र के कम्पोनेन्टस् मे खराबी आती है तो वारण्टी अवधि अंतर्गत स्थापनाकर्ता इकाईयों से कम्पोनेन्टस् सुधार/बदलने की व्यवस्था भी की गई है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बारह"]

जल जीवन मिशन के अंतर्गत राजनांदगांव विधानसभा में संचालित कार्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

3. (क्र. 34) डॉ. रमन सिंह : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जल जीवन मिशन के अंतर्गत राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्रांतर्गत कुल कितने कार्य वर्तमान में संचालित है? इन कार्यो की लागत कितनी है एवं यह कार्य कब तक पूर्ण होने की संभावना है? **(ख)** क्या राजनांदगांव विधानसभाक्षेत्र में कार्यरत ठेकेदारों के भुगतान संबंधी कोई समस्या है, यदि हां तो यह भुगतान कब तक कर दिया जावेगा?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरु रुद्र कुमार) : (क) जल जीवन मिशन के अंतर्गत राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्रांतर्गत कुल 71 कार्य स्वीकृत है। स्वीकृत कार्यों की लागत रू. 4278.61 लाख है। स्वीकृत कार्यों से 59 कार्य वर्तमान में संचालित है, जिसकी लागत रू. 3186.85 लाख है। कार्य की पूर्णता तिथि बताया जाना संभव नहीं है। विवरण **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।**(ख)** जी नहीं।

[संलग्न "परिशिष्ट - तेरह"]

वन मंडल खैरागढ में कैम्पा प्रोजेक्ट के तहत प्राप्त आबंटन एवं व्यय

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

4. (क्र. 43) श्रीमती याशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वन मंडल खैरागढ़ में वर्ष 2018 से 2022 तक कैम्पा प्रोजेक्ट्स के तहत कितने आबंटन प्राप्त हुये ? **(ख)** उक्त आबंटन को कितने कार्यों में कितने स्थानों पर खर्च किया गया ? **(ग)** क्रय की गयी सामग्री व् निर्माण कार्यों में कितने कार्य कोटेशन रेट पर, कितने कार्य अनुबंध दर पर और कितने कार्य टेंडर द्वारा कराये गये ? कृपया जानकारी देवें?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) खैरागढ़ वनमण्डल अंतर्गत वर्ष 2018 से 2022 तक कैम्पा प्रोजेक्ट्स के तहत निम्नानुसार आबंटन प्राप्त हुए हैं:-

क्र.	वर्ष	स्वीकृत राशि (लाख में)
1	2018-19	909.88
2	2019-20	895.67
3	2020-21	1192.71
4	2021-22	2583.91
5	2022-23	973.10
		6555.25

(ख) जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **''प्रपत्र''** में दर्शित है।**(ग)** क्रय की गई सामग्री व निर्माण कार्यों में 14 कार्य कोटेशन रेट पर, 07 कार्य अनुबंध दर पर और 57 कार्य टेंडर द्वारा कराए गए।

बलौदा बाजार विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत प्राप्त राशि एवं व्यय
[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

5. (क्र. 45) श्री प्रमोद कुमार शर्मा : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बलौदा बाजार विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन अंतर्गत वर्ष 2020 से दिसम्बर, 2022 तक कितनी - कितनी राशि की स्वीकृति एवं आबंटन प्राप्त हुआ? स्वीकृत राशि में से कहाँ-कहाँ ,कितनी -कितनी राशि,किन-किन कार्यो में ब्यय की गयी, प्राप्त आबंटन में कितनी राशि राज्य व कितनी राशि केंद्र सरकार से प्राप्त हुई? **(ख)** जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रश्नांकित अवधि में बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में कौन-कौन से कार्यो हेतु निविदा जारी कर किस-किस एजेंसी से अनुबंध किया गया,कहां - कहां कार्य प्रारम्भ हुआ? कार्य प्रारम्भ नहीं होने पर एजेंसी पर क्या कार्यवाही की गयी, विकासखण्डवार,कार्यवार जानकारी उपलब्ध करावें?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरु रुद्र कुमार) : (क) बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन अंतर्गत वर्ष 2020 से दिसम्बर 2022 तक रू. 20587.70 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। विधानसभा क्षेत्रवार आबंटन जारी नहीं होता है, अपितु जिले को जारी राशि आहरण की सीमा में से विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत कार्यों के विरूद्ध संपादित कार्यों का भुगतान किया जाता है। स्वीकृत राशि में से स्थानवार, योजनावार व्यय की गई राशि की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार** है। जिले को जारी राशि, आहरण की सीमा, केन्द्रांश, राज्यांश सहित जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार** है। **(ख)** जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रश्नांकित अवधि में बलौदाबजार विधानसभा क्षेत्र में कार्यो हेतु निविदा जारी कर एजेंसी से अनुबंध, कार्य प्रारंभ/अप्रारंभ एवं कार्य प्रारंभ नहीं होने पर एजेंसी पर की गयी कार्यवाही की जानकारी विकासखण्डवार, कार्यवार **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स अनुसार** है।

जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत बिलासपुर जिले में किए गए कार्य
[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

6. (क्र. 49) श्री शैलेश पांडे : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत बिलासपुर जिले में कितनी राशि के टेंडर हुए हैं और क्या-क्या कार्य किए गए हैं? अद्यतन जानकारी प्रदान करने की कृपा करें?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरु रुद्र कुमार) : जल जीवन मिशन के अंतर्गत बिलासपुर जिलें में राशि रू. 77394.09 लाख के टेंडर हुए है। निविदाओं की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार** है। निविदा अंतर्गत कार्यवार अद्यतन जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार** है।

अवैध फ्लाईएश डंपिंग की प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही
[आवास एवं पर्यावरण]

7. (क्र. 69) श्री प्रकाश शक्राजीत नायक : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2020 से दिसंबर, 2022 तक रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत राष्ट्रीय, राजकीय राजमार्ग एवं अन्य मार्गों के किनारे कहां-कहां, किन-किन को फ्लाईएश डंपिंग हेतु अनुमति दी गई है? विस्तृत जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नावधि में रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत राष्ट्रीय, राजकीय राजमार्ग एवं अन्य मार्गों, स्थलों में अवैध फ्लाईएश डंपिंग की क्या कोई शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां तो संबंधित के विरूद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई है? विस्तृत जानकारी देवें ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।(ख)जी हाँ। **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - चौदह"]

अन्य राज्यों के ट्रको का प्रदेश में रजिस्ट्रेशन कर बेचने की प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही

[परिवहन]

8. (क्र. 98) श्री नारायण चंदेल : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या छत्तीसगढ़ में देश के अन्य हिस्सो से ट्रक किराये पर ले कर फर्जी रजिस्ट्रेशन कर बेचने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं ? यदि हां तो कहां-कहां के कितने-कितने ट्रकों की गुमशुदगी/ बेचे जाने की शिकायतें वर्ष 2022 में दिनांक 08/12/2022 तक प्राप्त हुई है ? जिलावार ट्रको की संख्या सहित जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के ट्रको हेतु छत्तीसगढ़ के किन-किन आर.टी.ओ. में कितने-कितने ट्रकों के रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया ? कितने ट्रको का रजिस्ट्रेशन किया गया ? आर.टी.ओ. कार्यालय के नाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें। प्रकरण में अब तक कितने लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है ? कितने फरार है ? **(ग)** क्या प्रश्नांश 'क' के ट्रको के आर.टी.ओं कार्यालयों में रजिस्ट्रेशन में अधिकारियों कर्मचारियों की संलिप्तता की जांच करायी गई है ? यदि हां तो किस स्तर के कौन से अधिकारी द्वारा जांच की गई ? जाँच में क्या पाया गया ? संलिप्त अधिकारियों/कर्मचारियों पर क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं तो क्यों ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) कुल 36 ट्रकों की गुमशुदागी/ बेचे जाने की जानकारी पुलिस अधिकारियों से प्राप्त हुई है। पंजीयन चिन्ह के अनुसार जिलावार परिवहन कार्यालय रायपुर-02, परिवहन कार्यायल दुर्ग-07, परिवहन कार्यालय बिलासपुर-06, परिवहन कार्यालय कोरबा-07 परिवहन कार्यालय मुंगेली-01, परिवहन कार्यालय जांजगीर-01 एवं परिवहन कार्यालय गरियाबंद-01 गाड़ी एवं अन्य राज्य बिहार-02 नागालैण्ड-01 अरूणाचल प्रदेश-02 परिवहन कार्यालय बिना रजिस्ट्रेशन नंबर-06 **(ख)**अराइवल पश्चात 25 गाडियों का रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है संबंधित राज्यों के सक्षम अधिकारियों द्वारा जारी एन ओ सी के आधार पर 25 गाडियों में से परिवहन कार्यालय रायपुर 02 परिवहन कार्यालय दुर्ग 07 परिवहन कार्यालय बिलासपुर 06 परिवहन कार्यालय कोरबा 07 परिवहन कार्यालय मुंगेली 01 परिवहन कार्यालय जांजगीर 01 परिवहन कार्यालय गारियाबंद में 01 गाड़ी का रजिस्ट्रेशन किया गया । पुलिस अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है तथा 18 फरार है। **(ग)** आरटीओ कार्यालयों में रजिस्ट्रेशन में अधिकारियों की संलिप्ता की परिवहन आयुक्त द्वार जांच करायी जा रही है।

बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में वन विभाग द्वारा निर्मित सड़के

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

9. (क्र. 101) श्री डमरूधर पुजारी : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2020 से दिसम्बर, 2022 तक वन विभाग द्वारा कहॉ-कहॉ कितनी लम्बाई का सड़क निर्माण किस-किस योजना के अंतर्गत स्वीकृत किया गया है ? स्वीकृत कार्यो में कितने पूर्ण एवं कितने, किन कारणों से अपूर्ण है, अपूर्ण कार्यों को कब तक पूर्ण करा लिया जावेगा? वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावे ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार कार्यो में किन-किन कार्यो को लेकर अनियमितता/भ्रष्टाचार के सम्बंध शिकायत/जानकारी प्राप्त हुई है व उन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) प्रश्नांश "क" की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** में दर्शित है।**(ख)** प्राप्त शिकायतों एवं उन पर की गयी कार्यवाही की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** में दर्शित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पन्द्रह "]

गरियाबंद जिला में डीएमएफ फंड के तहत प्राप्त एवं व्यय राशि

[खनिज साधन]

10. (क्र. 102) श्री डमरूधर पुजारी : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** गरियाबंद जिला में जनवरी 2020 से दिसम्बर, 2022 तक जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) फंड से कितनी राशि किस-किस विभाग को किन-किन कार्यो के लिए उपलब्ध कराई गई ? उक्त जारी राशि हेतु शासी परिषद् की स्वीकृति प्राप्त की गई है ?

सम्बंधित विभागों द्वारा उक्तानुसार राशि में कितनी राशि व्यय की गई है एवं कितना भुगतान शेष है ? विभागवार जानकारी देवें। **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार उपलब्ध कराई गई राशि के सम्बंध में कितनी शिकायतें प्राप्त हुई है व उन पर क्या कार्यवाही की गई है ? **(ग)** प्रश्नांश 'क' अनुसार उपलब्ध कराई गई राशियों में से कराये गये कार्यों/क्रय में विभागों के द्वारा क्या भण्डार क्रय नियम का पालन किया गया है ? यदि नही तो कार्य किस आधार पर कराया गया ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) गरियाबंद जिले में जनवरी 2020 से दिसम्बर 2022 (दिनांक 20.12.2022) तक जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) फंड से विभिन्न विभागों को उपलब्ध करायी गई राशि एवं स्वीकृत कार्यों की विभागवार जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है। जी हॉ, उक्त स्वीकृत कार्य एवं राशि का अनुमोदन शासी परिषद से प्राप्त की गई है। इसके अतिरिक्त अस्थाई डायवर्सन रोड निर्माण कार्य (सती नाला में) ग्राम जैतपुरी, ग्राम पंचायत आमदी द, वि.खं.-गरियाबंद हेतु शासी परिषद की अनुमोदन की प्रत्याशा में नियमानुसार कार्य के आवश्यकता को देखते हुए राशि 02.99 लाख रूपये की प्रबंधकारिणी समिति से अनुमोदन प्राप्त कर शासी परिषद से स्वीकृति की प्रत्याशा में कार्य स्वीकृत किया गया है। विभाग द्वारा की गई व्यय एवं भुगतान हेतु शेष राशि की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** के कॉलम 04 एवं 05 अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' अनुसार उपलब्ध कराई गई राशि के सम्बंध में शिकायतें निरंक है। **(ग)** जी हां। प्रश्नांश ''क'' अनुसार उपलब्ध कराई गई राशियों में से कराये गये कार्यों/क्रय में विभागों के द्वारा भण्डार क्रय नियम का पालन किया गया है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सोलह"]

राज्य में कार्यरत अनियमित अधिकारी व कर्मचारियों का नियमितीकरण

[सामान्य प्रशासन]

11. (क्र. 106) डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राज्य शासन के द्वारा जन घोषणा पत्र में शासकीय अधिकारी व कर्मचारियों के लिए क्या-क्या घोषणा की गई थीं ? उनमें से कौन-कौन सी घोषणाये पूर्ण हो गई व कौन सी अपूर्ण हैं तथा इन्हे कब तक पूर्ण किया जावेगा ? **(ख)** प्रदेश में अनियमित दैनिक वेतन भोगी व संविदा कर्मियों को नियमित करने के लिए क्या कोई समिति बनाई गई थी ? यदि हॉ तो समिति में कौन कौन से सदस्य थे व समिति द्वारा क्या-क्या अनुशंसा की गई व सरकार द्वारा उन पर क्या कार्यवाही की गई ? उक्तानुसार कर्मचारियों को कब तक नियमित किया जावेगा ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) जनघोषणा पत्र में शासकीय अधिकारी व कर्मचारियों के लिए निम्नलिखित घोषणा की गई थीः- (1) समस्त तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ वर्ग शासकीय कर्मचारियों के लिए क्रमोन्नति, पदोन्नति एवं चार स्तरीय उच्चतर वेतनमान लागू किया जाएगा। अनियमित, संविदा एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मियों को रिक्त पदों पर नियमितिकरण की कार्यवाही की जाएगी एवं किसी की भी छटनी नहीं की जाएगी। शिक्षाकर्मियों को 02 वर्ष पूर्ण करने पर नियमितिकरण की कार्यवाही की जाएगी। (2) तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पुलिस कर्मचारियों के आवास एवं बच्चों की शिक्षा हेतु पुलिस कल्याण कोष को शासकीय अनुदान समय-समय पर प्रदान कर सशक्त किया जाएगा। पूर्ण एवं अपूर्ण घोषणाओं की जानकारी **"संलग्न प्रपत्र"** अनुसार है। अपूर्ण घोषणाओं के पूर्ण होने के संबंध में निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(ख)** जी हाँ। सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांक एफ 12-1/2019/1-3, दिनांक 11.12.2019 द्वारा तत्कालीन प्रमुख सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम विभाग की अध्यक्षता में निम्नानुसार समिति गठित की गई है- 1 प्रमुख सचिव, विधि और विधायी कार्य विभाग -सदस्य 2 सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग -सदस्य-सचिव3 सचिव, वित्त विभाग -सदस्य4 सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग -सदस्य 5 सचिव, आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास विभाग -सदस्य वर्तमान में समिति की अनुशंसा अपेक्षित है। इन कर्मचारियों को नियमित किए जाने के संबंध में निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्रह"]

राजनांदगांव एवं खैरागढ़ वन मंडल अंतर्गत बांस संवर्धन एवं संरक्षण हेतु किए गए उपाय

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

12. (क्र. 109) श्री भुनेश्वर शोभाराम बघेल : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राजनांदगांव एवं खैरागढ़ वन मंडल अंतर्गत कुल कितने वन क्षेत्रफल हैं ? विगत 02 वर्षों मेंइनमें से कितने वन क्षेत्रों में बांस का उत्पादन किया गया है ? क्षेत्रफल एवं उत्पादित बांस की मात्रा सहित रेंजवार, जिलेवार जानकारी प्रदान करें

? **(ख)** इन वन मंडलों में बांस के संवर्धन व संरक्षण के लिए विगत 2 वर्षों में क्या-क्या उपाय किये गये हैं ? कार्यक्रम का नाम बताएं। **(ग)** राजनांदगांव एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में विभाग द्वारा कितने बंसोड़ परिवार को बांस विक्रय किया जाता है ? दिसंबर 2020 से नवंबर 2022 तक कुल कितने बंसोड़ को कितनी मात्रा में बांस प्रदान किये गये ? **(घ)** क्या इन वन क्षेत्रों में बांस आधारित उद्योग की संभावना है एवं शासन को क्या इस हेतु मांग पत्र प्राप्त हुए हैं ? यदि हां तो इस पर क्या कार्रवाई की गई है ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) राजनांदगांव एवं खैरागढ़ वनमंडल अंतर्गत कुल 224252.551 हेक्टेयर वनक्षेत्र है। विगत 02 वर्षो में इन वनमंडलों में 10781.775 हेक्टेयर क्षेत्र में बांस का उत्पादन किया गया है। क्षेत्रफल एवं उत्पादित बांस की मात्रा सहित रेंजवार जिलेवार **जानकारी संलग्न''प्रपत्र'' में दर्शित है।(ख)** राजनांदगांव एवं खैरागढ़ वनमंडल अंतर्गत बांस संवर्धन एवं संरक्षण के लिये 02 वर्षो में कार्य आयोजना के प्रावधान अनुरूप बांस वनों का पुनरोद्धार, सहायक प्राकृतिक पुनरोत्पादन एवं कैम्पा मद अंतर्गत भू-जल संरक्षण कार्य, लाईव हेज निर्माण, बांस भिर्रो की सफाई एवं मिट्टी चढ़ाई कार्य किया गया है।**(ग)** 3113 पंजीकृत बंसोड परिवारों को कुल 3085 बंसोड़ो परिवारों को कुल 16,84,844 नग बांस प्रदाय किया गया है।**(घ)** राजनांदगांव एवं खैरागढ़ वनमंडल के वन क्षेत्रों में बांस आधारित उद्योग की संभावना का आंकलन नही किया गया है। बांस आधारित उद्योग हेतु कोई मांग पत्र प्राप्त नही हुआ है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठारह"]

न्यू स्वागत विहार डूंडा के अंतर्गत क्रय किये गये प्लाटों के आबंटन संबंधी

[आवास एवं पर्यावरण]

13. (क्र. 112) श्री सत्यनारायण शर्मा : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या शासन द्वारा न्यू स्वागत विहार, डूंडा में संजय बाजपेयी बिल्डर की भूमि के बीच में आने वाली शासकीय भूमि में बिल्डर से क्रय कर चुके प्रभावित भूमिस्वामियों के व्यवस्थापन हेतु कोई निर्णय लिया गया है ? यदि हां तो उसका विवरण दें ? **(ख)** जिन खरीददारों ने प्राइम लोकेशन के आधार पर प्लाट क्रय किया है, क्या शासन अथवा रायपुर विकास प्राधिकरण के द्वारा इस तथ्य को ध्यान में रखकर उन्हें नये सिरे से प्लाट आबंटित किया जायेगा ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) जी नहीं। शासकीय भूमि का बिल्डर द्वारा किया गया विक्रय अवैधानिक होने के कारण शून्य है। न्यू स्वागत विहार के पीड़ितों की समस्या का निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है।**(ख)** जी नहीं।

वन वृत्त दुर्ग के खैरागढ़ वनमंडल में वित्तीय वर्ष 2021-22 में किये गए कार्य

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

14. (क्र. 121) श्री दलेश्वर साहू : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या वन वृत्त दुर्ग के खैरागढ़ वनमंडल में वित्तीय वर्ष 2021-22 में बांस कूपों में विदोहन उपरांत सहायक पुनरोत्पादन/वनवर्धनिक कार्य, भिर्रा सफाई कार्य (बांस), ए. एन.आर. कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गयी है? यदि हाँ तो उत्तर बोरतलाव परिक्षेत्र के कटेमा वन क्षेत्र में कितनी राशि के, कौन-कौन से कार्य किन-किन कक्ष क्रमांकों में किये गये हैं ? क्या उक्त कार्य में स्कूली बच्चों से कार्य करवाकर भुगतान किया गया है ? कार्यवार, कक्ष क्रमांकवार किये गए भुगतान सहित श्रमिकों की जानकारी देवें?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : जी हां। **जानकारी पुस्तकालय में रखे ''प्रपत्र'' में दर्शित है।** स्कूली बच्चों से कार्य नहीं कराया गया है, ना ही कोई भुगतान किया गया है।

न्यूवोको, अल्ट्राटेक, न्यू विस्टा, अंबुजा, ईमामी सीमेंट संयंत्रो का निरीक्षण

[आवास एवं पर्यावरण]

15. (क्र. 130) श्री कुलदीप जुनेजा : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या ग्राम सोनाडीह में स्थित मेसर्स न्यूवोको विस्टास कारपोरेशन लि, ग्राम हिरमी में स्थित मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट लि, ग्राम रिसदा में स्थित

मेसर्स न्यू विस्टा सीमेंट लि, अंबुजा सीमेंट तथा ग्राम रिसदा एवं धनधनी में स्थित मेसर्स इमामी सीमेंट लि, के पावर प्लांटो में से अत्याधिक मात्रा में सल्फर डाई आक्साइड निकलने के कारण क्षेत्र में दमा के मरीजो की संख्या में वृध्दि हुई है? **(ख)** प्रश्नांक "क" में उल्लेखित सीमेंट संयंत्रो का निरीक्षण वर्ष 2022- 23 में कितनी बार किया गया एवं निरीक्षण में क्या पाया गया ? संयंत्रो पर पर्यावरण मानकों का पालन नहीं करने पर क्या कार्यवाही की गई ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क)जी नहीं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बलौदाबाजार-भाटापारा से प्राप्त जानकारी अनुसार दमा के मरीजो की संख्या में वृद्धि होना नहीं पाया गया है।**(ख)** जानकारी संलग्न **प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्नीस"]

चित्रकोट वि.स.क्षेत्र में जल जीवन मिशन के कार्यों की स्थिति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

16. (क्र. 132) श्री राजमन बेंजाम : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में दिनांक 07 दिसंबर, 2022 तक कुल कितने ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृति प्रदान की गई है एवं कितने पंचायतों को स्वीकृति मिलना शेष है ? जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में से कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं एवं कितने निर्माणाधीन हैं ? ठेकेदारों की जानकारी सहित नवीन स्वीकृति हेतु प्रस्तावित पंचायतों की जानकारी, विकासखंडवार देवें ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरु रुद्र कुमार) : चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में दिनांक 07 दिसंबर 2022 तक सभी 170 ग्राम पंचायतों के 259 ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृति प्रदान की गई है एवं किसी भी ग्राम पंचायतों में स्वीकृति मिलना शेष नहीं है। जल जीवन मिशन अंतर्गत कुल 259 स्वीकृत कार्यों में से कोई कार्य पूर्ण नहीं किये गये हैं। कार्यादेशित 70 कार्य प्रगतिरत है। ठेकेदारों की विकासखण्डवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार** है। नवीन स्वीकृति हेतु कोई भी पंचायत प्रस्तावित नहीं है।

प्रदेश में स्थायी व अस्थायी कृषि पम्प कनेक्शन के लंबित प्रकरण

[ऊर्जा]

17. (क्र. 135) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- दिनांक 07 दिसंबर, 2022 की स्थिति में मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में स्थायी व अस्थायी कनेक्शन के कितने प्रकरण लंबित है, इनमें से कितने प्रकरण 01 वर्ष से अधिक समय से लंबित हैं, इन्हें कब तक कनेक्शन दे दिया जायेगा ? मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2019-20 से दिनांक 07 दिसंबर, 2022 तक कितने स्थायी कनेक्शन कृषि पम्पों के लिए दिये गये है ? वर्षवार जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : दिनांक 07 दिसंबर 2022 की स्थिति में मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में कृषि पम्प कनेक्शन के स्थायी कनेक्शन हेतु 944 एवं अस्थायी कनेक्शन के निरंक आवेदन लंबित है। इनमें से 867 प्रकरण एक वर्ष से अधिक समय से लंबित है। वर्ष 2022-23 में पम्प ऊर्जीकरण हेतु मुंगेली जिले के लिये निर्धारित लक्ष्य 408 पम्पों में विधानसभा मुंगेली के 301 नग पम्प प्रकरण शामिल है जिनका कार्य दिनांक 31.03.2023 तक पूर्ण किये जाने के प्रयास हैं। शेष लंबित 643 (944-301) पम्पों के कार्य संसाधनों की उपलब्धता पर आगामी वर्ष में किया जा सकेगा। मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2019-20 में 236 नग, 2020-21 में 160 नग, 2021 -22 में 492 नग एवं 2022-23 में अभी तक 15 नग कृषि पम्पों के कनेक्शन दिये गये है।

छ.ग. राज्य वन विकास निगम परियोजना मंडलों में अवैध अतिक्रमण के दर्ज प्रकरण

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

18. (क्र. 137) श्री सन्त राम नेताम : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छ.ग.रा.व.वि. निगम परियोजना मंडलों को वन विभाग द्वारा आरक्षित / संरक्षित वन क्षेत्रों का आबंटन किया गया था, जिसमें बस्तर संभाग में किन -वन क्षेत्रों में वन अधिकार के तहत पट्टा प्रदाय किया गया एवं कितने खड़े जंगल /रोपण क्षेत्रों का नुकसान हुआ

है तथा वर्तमान में मंडलवार हस्तान्तरण किये गए वन क्षेत्रों में जो शेष उपलब्ध हैं, उसमें क्या कार्यवाही की गई ? दर्ज प्रकरण का विवरण/ पट्टा प्रदाय का क्षेत्रफल/ पट्टा क्रमांक /दिनांक एवं पट्टा प्रदाय करने के पश्चात बचत वन क्षेत्रों का व्यौरा दें? **(ख)** कंडिका "क" के प्रकरणों में क्या कार्यवाही की गई है, जिसमें छ.ग. राज्य वन विकास निगम के परियोजना मंडलों को अतिक्रमण से हानि हुई ? अतिक्रमण हटवाने हेतु कुल दर्ज प्रकरणों में से कितने प्रकरणों को बेदखली करवाकर मुआवजा/ महसूल लिया गया एवं पट्टा प्रदाय किया गया ? पट्टा प्रदाय करने हेतु क्या छ.ग. वन विभाग से अनुमति ली गई, का व्यौरा दें ? **(ग)** कंडिका "क" के कितने प्रकरणों में कब -कब एफ.आई.आर. दर्ज करायी गयी ? यदि नहीं तो क्यों ? इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी / कर्मचारियों पर क्या कार्यवाही की गई, इसके लिए कौन जिम्मेदार हैं ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) (ख) (ग) जानकारी एकत्रित की जा रही है।

बस्तर संभाग के वन क्षेत्रो में वनों की अवैध कटाई के दर्ज प्रकरण

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

19. (क्र. 138) श्री सन्त राम नेताम : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कांकेर एवं कोण्डागांव जिलान्तर्गत वन क्षेत्र में वर्ष 2021-2022 एवं 2022 -2023 में जून, 2022 तक वनों की अवैध कटाई / उत्खनन के कितने प्रकरण आपराधिक/लापता प्रकरण दर्ज किये गये ? प्रकरणवार काष्ठ की प्रजाति/ घन मीटर /सहित ब्यौरा दें ? **(ख)** कंडिका "क" के प्रकरणों में क्या कार्यवाही की गई? कितनी मात्रा में अवैध कटाई से काष्ठ /बल्ली जलाऊ चट्टा / व्यापारिक बांस/ औद्योगिक बांस जप्त किये गये ? क्या विभाग को किसी प्रकरण में हानि हुई ? समस्त जप्त किये गये काष्ठ/बल्ली/जलाऊ / व्यापारिक बांस/ औद्योगिक बांस की प्रजातिवार नीलामी के द्वारा प्राप्त राशि का प्रकरणवार ब्यौरा दें ? **(ग)** कंडिका "क" के कितने प्रकरणों में एफ.आई.आर. दर्ज करायी गयी? यदि नहीं तो क्यों? क्या दर्ज प्रकरणों में मुआवजा महसूल लिया गया या वाहन आदि – राजसात किया गया ? राजसात वाहनों पर क्या कार्यवाही की गई ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) कुल 3074 प्रकरण दर्ज किये गये। प्रकरणवार विवरण **पुस्तकालय** में रखे **''प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र-ब''** में दर्शित है ।**(ख) पुस्तकालय** में रखे **''प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र-ब''** में दर्शित है । **(ग)** कंडिका ''क'' के किसी प्रकरण में एफ.आई.आर. दर्ज नहीं करायी गयी है। वन अधिनियम के तहत पंजीबद्ध वन अपराध प्रकरणों में एफ.आई.आर. दर्ज कराना आवश्यक नहीं है। दर्ज वन अपराध प्रकरणों में वसूल किया गया मुआवजा महसूल तथा राजसात वाहनों से संबंधित जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **''प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र-ब''** में दर्शित है ।

विद्युत देयक में सम्मिलित मद एवं सुरक्षा निधि की जानकारी

[ऊर्जा]

20. (क्र. 157) श्री धर्मजीत सिंह : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** 1 अप्रैल, 2019 से नवम्बर,2022 तक विद्युत देयक में सम्मिलित किन-किन मदों पर कितनी- कितनी वृद्धि कब-कब की गई, घरेलू /व्यावसायिक /औद्योगिक पृथक-पृथक बतावें? **(ख)** 30 नवंबर, 2022 की तिथि में कंडिका "क" के उपभोक्ताओं से सुरक्षा निधि के मद में कितनी- कितनी राशि जमा है? क्या इस पर ब्याज दिए जाने का प्रावधान है? नहीं तो विस्तृत कारण बतावें? **(ग)** विद्युत देयक की सुरक्षा निधि बढ़ोतरी के निर्धारण के क्या नियम प्रक्रिया हैं? कब से है? विस्तार से विवरण देने का कष्ट करेंगे?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) 1 अप्रैल, 2019 से नवम्बर, 2022 तक विद्युत देयक में सम्मिलित ऊर्जा प्रभार, फिक्स्ड चार्ज के मदों पर घरेलू/व्यावसायिक/औद्योगिक श्रेणी में की गयी वृद्धि की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** में तथा वेरियेबल कास्ट एडजस्टमेंट के मद में घरेलू/व्यावसायिक/औद्योगिक श्रेणी में की गयी वृद्धि की जानकारी**पुस्तकालय में रखेप्रपत्र-ब** के अनुसार है। **(ख)** 30 नवंबर, 2022 की तिथि में घरेलू उपभोक्ताओं के सुरक्षा निधि के मद में राशि रू. 585 करोड 58 लाख, व्यावसायिक उपभोक्ताओं के सुरक्षा निधि के मद में राशि रू. 395 करोड 78 लाख एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं के सुरक्षा निधि के मद में राशि रू. 1488 करोड 50 लाख जमा है। जमा

सुरक्षा निधि पर भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा समय-समय पर निर्धारित वार्षिक ब्याज दर के अनुसार ब्याज प्रत्येक वर्ष के माह अप्रैल में देय होता है। **(ग)** विद्युत देयक की सुरक्षा निधि बढ़ोत्तरी का निर्धारण वर्तमान में प्रचलित छत्तीसगढ राज्य विद्युत प्रदाय संहिता 2011, (प्रथम संशोधन) 2013 एवं (द्वितीय संशोधन) 2018 के कंडिका 6.9 में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार किया जाता है। जिसके विवरण निम्नानुसार हैः- छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा किसी उपभोक्ता से ली गई सुरक्षानिधि की राशि का पुनरीक्षण प्रतिवर्ष अक्टूबर माह में पूर्ववर्ती 12 माह के दौरान उसकी वार्षिक खपत के आधार पर किया जाता है। इस पुनरीक्षण के आधार पर औसत वार्षिक खपत के 60 दिनों के समतुल्य सुरक्षा निधि की राशि का निर्धारण उस अवधि हेतु प्रचलित प्रयोज्य दर (टैरिफ) के अनुसार किया जाता है। यदि पुनरीक्षण पर, निम्नदाब के प्रकरण में सुरक्षा निधि की न्यूनतम राशि (+/-) 20 प्रतिशत से अधिक का परिवर्तन (वृद्धि या कमी) होता है और उच्चदाब/अति उच्चदाब उपभोक्ता के प्रकरण में न्यूनतम रूपये 10,000/- से अधिक या कम का अंतर होने पर छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा आवश्यक मांग अथवा वापसी की जाती है। पूर्ववर्ती मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल के परिपत्र क्र. 5/जीए/48/53 /3902, दिनांक 24.05.1976 में दिये गये दिशा-निर्देश के अनुसार छत्तीसगढ राज्य गठन के पूर्व से तथा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के गठन के पश्चात आयोग द्वारा जारी छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत प्रदाय संहिता 2005, 2011, 2018 में निर्दिष्ट निर्देशों के अनरूप अतिरिक्त सुरक्षा निधि लिया जा रहा है।

मनेन्द्रगढ़ विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा की अद्यतन स्थिति

[सामान्य प्रशासन]

21. (क्र. 160) डॉ. विनय जायसवाल : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्तमान सरकार के गठन के बाद से मनेंद्रगढ़ विधानसभा अंतर्गत माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा कब-कब क्या-क्या घोषणाएं की गई है एवं उन घोषणाओं की वर्तमान स्थिति क्या है ? जो घोषणाएं पूर्ण नहीं हो पाई है, वह कब तक पूर्ण हो जायेंगी? **(ख)** माननीय मुख्यमंत्री द्वारा चिरमिरी एडवेंचर पार्क की घोषणा की वर्तमान स्थिति क्या है ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) वर्तमान सरकार के गठन के बाद से मनेन्द्रगढ़ विधानसभा अंतर्गत माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई घोषणाओं की जानकारी एवं उनकी वर्तमान स्थिति **"संलग्न प्रपत्र"** अनुसार है। अपूर्ण घोषणाओं के पूर्ण होने के संबंध में निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।**(ख)** एडवंेचर पार्क निर्माण हेतु आवेदित भूमि का मुख्य महाप्रबंधक एस.ई.सी.एल. चिरमिरी क्षेत्र से अनापत्ति अप्राप्त है। अनापत्ति प्राप्ति उपरांत जिला स्तर पर गठित एडवेंचर पार्क निर्माण समिति के समक्ष प्रस्ताव रखा जाकर योजना के क्रियान्वयन हेतु लिए गए निर्णय अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
[संलग्न "परिशिष्ट - बीस"]

विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर के अंतर्गत संचालित अवैध क्रेशर व अवैध उत्खनन वाले खदान

[खनिज साधन]

22. (क्र. 168) श्री रामकुमार यादव : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर के अंतर्गत वर्ष 2021-22 से नवम्बर, 2022 तक कुल कितने क्रेशर संचालित हैं ? स्थापित क्रेशर का विवरण, स्थान व मालिक के नाम/पता सहित देवें। **(ख)** संचालित क्रेशर/खदानो में कितने वैध व कितने अवैध हैं ? नामवार सूची प्रदान करें? **(ग)** अवैध क्रेशरों/अवैध उत्खनन वाली खदानों पर विभाग ने क्या कार्यवाही की है ?विवरण देवें? यदि नहीं तो क्यों ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर के अंतर्गत वर्ष 2021-22 से नवम्बर, 2022 तक कुल 06 क्रेशर स्थापित एवं संचालित हैं। जिसमें से 01 क्रेशर उत्खननपट्टा लीज क्षेत्र के भीतर एवं 05 क्रेशर भण्डारण अनुज्ञापत्र प्राप्त कर स्वीकृत/संचालित है। स्थापित क्रेशर का विवरण स्थान व मालिक के नाम/पता सहित जानकारी "**संलग्न प्रपत्र**" अनुसार है। **(ख)** विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर में कोई भी अवैध क्रेशर/खदान संचालित नहीं है। वैध क्रेशर/खदान के संबंध में विवरण प्रश्नांक 'क' अनुसार है। **(ग)** प्रश्नाधीन अवधि में विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर अंतर्गत अवैध क्रेशर/उत्खनन संबंधी कोई मामला प्रकाश में नहीं आया है। अतः जानकारी निरंक है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्कीस"]

<u>विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर के अंतर्गत स्थित उद्योगों द्वारा फलाईएश डस्ट डालने हेतु वन विभाग से प्राप्त एन.ओ.सी.</u>

[आवास एवं पर्यावरण]

23. (क्र. 169) श्री रामकुमार यादव : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** चन्द्रपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थापित उद्योगों (आर.के एम./डी. बी. पावर प्लांट) द्वारा फलाईएश डस्ट निकालने हेतु क्या वन विभाग से अनुमति ली गई है ? जानकारी देंवे। **(ख)** क्या उन उद्योगों ने फलाईएश डस्ट निकालने एवं गड्ढों मे डालने हेतु एन.ओ.सी. लिये है ? यदि हां तो कहा सें ? विवरण देवे। **(ग)** वर्ष 2021-22 से दिनांक 07 दिसम्बर, 2022 तक उन उद्योगों द्वारा किन- किन स्थानों पर कब-कब फलाईएश डस्ट डाली गई है ? विवरण देवें। **(घ)** क्या फलाईएश डस्ट डालने से संबंधित कोई शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हॉ, तो कब व किसके द्वारा ? विवरण देवें?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) जी नहीं।**(ख)** जी हॉ। मेसर्स आर.के.एम. पॉवरजेन प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम-उच्चपिंडा, तहसील-डभरा, जिला-सक्ती एवं मेसर्स डी.बी. पॉवर लिमिटेड, ग्राम-बडादरहा, तहसील-डभरा, जिला-सक्ती द्वारा फ्लाई ऐश का निचली भूमि एवं निष्क्रिय खदानों में भू-भराव किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर एवं रायगढ़ से एन.ओ.सी. ली गयी है।**(ग)**प्रश्नाधीन अवधि में फ्लाई एश का तिथिवार भू-भराव किये जाने की जानकारी दिया जाना संभव नहीं है। तथापि उक्त अवधि में किये गये फ्लाई एश भू-भराव की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।(घ)**जी हॉ। **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - बाईस"]

<u>विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर में वर्ष 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 में कृषि स्थाई पम्प कनेक्शन के आवेदनों का निराकरण</u>

[ऊर्जा]

24. (क्र. 175) श्री केशव प्रसाद चंद्रा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र वर्ष 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 में दिनांक 30 नवम्बर, 2022 तक कृषि स्थाई पम्प कनेक्शन हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं। वर्षवार, वितरण केन्द्रवार, जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्न ''क'' के उत्तर में प्राप्त आवेदन में कितने आवेदनों का निराकरण किया गया है, कितने आवेदन लंबित हैं, लंबित आवेदनों का कब तक निराकरण किया जावेगा ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के कृषकों से स्थायी कृषि पंप कनेक्शन हेतु 676 आवेदन प्राप्त हुए हैं। स्थायी पम्प कनेक्शन हेतु प्राप्त आवेदनों की वर्षवार, वितरण केन्द्रवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** उत्तरांश ''क'' में प्राप्त 676 आवेदनों में से 285 आवेदकों को स्थायी विद्युत पम्प कनेक्शन प्रदान किया जा चुका है, शेष 391 (676-285) आवेदनों की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** के कॉलम क्रमांक 08 में दिया गया है। लंबित 391 आवेदनों में से 101 आवेदन वर्ष 2022-23 के लक्ष्य में शामिल है, जिनके कार्य मार्च 2023 तक किये जाने के प्रयास हैं। अतिशेष 290 (391-101) आवेदनों के कार्य संसाधनों की उपलब्धता पर आगामी वर्षों में किये जा सकेंगे।
[संलग्न "परिशिष्ट - तेईस"]

<u>जिला जांजगीर-चांपा के अंतर्गत ग्राम मिस्दा, कटौद, दुरपा, खपराडीह में जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों की जानकारी</u>

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

25. (क्र. 177) श्रीमती इंद्रू बंजारे : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जांजगीर चांपा जिला अंतर्गत नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम मिस्दा, कटौद, दुरपा, खपराडीह में कितने-कितने लागत से पानी टंकी व पाईप लाईन विस्तार किया गया है या किया जा रहा है ? यदि हां, तो निर्माण एजेंसी का नाम एवं

कार्य के पूर्ण अपूर्ण की स्थिति की जानकारी देवें। **(ख)** क्या गुणवत्ता विहिन-निर्माण कार्य की शिकायत प्राप्त हुई हैं, यदि हुई हैं तो क्या कार्यवाही की गयी है ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरु रुद्र कुमार) : (क) जांजगीर-चांपा जिला अंतर्गत नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम मिस्दा, कटौद, दुरपा, खपराडीह में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कितने लागत से पानी टंकी व पाईप लाईन विस्तार कार्य किया जा रहा है एवं निर्माण एजेंसी का नाम एवं कार्य के पूर्ण अपूर्ण की स्थिति की जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है ।**(ख)** जी हां । माननीया विधान सभा सदस्य श्रीमती इन्दू बंजारे के द्वारा विकासखण्ड नवागढ़ के ग्राम मिस्दा, कटौद एवं दुरपा में पानी टंकी निर्माण एवं पाईप लाईन विस्तार कार्य में लापरवाही पूर्वक गुणवत्ता विहीन कार्य किये जाने की शिकायत प्राप्त हुई है । उक्त शिकायत की जांच हेतु कार्यपालन अभियंता, खण्ड जांजगीर-चांपा द्वारा दिनांक 14.12.2022 को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में कार्य की गुणवत्ता जल जीवन मिशन की मार्गदर्शिका एवं विभागीय मापदण्ड के अनुरूप पाई गई।अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौबीस"]

जल जीवन मिशन में निर्धारित लक्ष्य और पूर्ति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

26. (क्र. 181) श्री शिवरतन शर्मा : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जल जीवन मिशन के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में कुल कितने परिवारों को नल कनेक्शन देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था 30 नवंबर, 2022 तक कुल कितने नल कनेक्शन किस-किस जिले में प्रदान किये गये हैं ? **(ख)** जल जीवन मिशन के कार्य को शासन ने कब तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है ? ऐसे कितने जिले हैं, जहॉ जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य प्रारंभ ही नहीं हुआ है या निविदा जारी करने के बाद कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है तथा इसके कारण क्या है ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरु रुद्र कुमार) : (क) जल जीवन मिशन के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में योजना लागू होने की स्थिति दिनांक 01.04.2019 में कुल 43,59,959 ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। दिनांक 01.04.2019 की स्थिति में 3,15,129 ग्रामीण परिवार घरेलू नल कनेक्शन से लाभान्वित थे।30 नवंबर 2022 तक कुल 16,95,750 ग्रामीण परिवार घरेलू नल कनेक्शन से लाभान्वित है। जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जल जीवन मिशन के कार्य को शासन के द्वारा सितम्बर 2023 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य प्रारंभ नहीं हुए या निविदा जारी करने के बाद कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है, जिलों की संख्या निरंक है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पच्चीस"]

सिहावा विधानसभा क्षेत्र में हाथियों के उत्पात से हुई क्षति

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

27. (क्र. 186) डॉ. लक्ष्मी ध्रुव : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** सिहावा विधानसभा क्षेत्र में हाथियों के उत्पात से कितने व्यक्तियो की मृत्यु हुई है? शासन द्वारा मृतक परिवार को कितनी-कितनी राशि प्रदान की गई है ? कितने प्रकरण का भुगतान लंबित है ? **(ख)** सिहावा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हाथियों द्वारा धान, मक्का एवं अन्य फसलों की क्षतिपूर्ति, क्या वर्तमान दर से दी जा रही है ? यदि नहीं तो इसे संशोधित कर वर्तमान दर से देने पर क्या विचार करेगें ? **(ग)** प्रश्नांक ''क'' अनुसार क्षेत्र में हाथियों के उत्पात एवं हानि को रोकने हेतु शासन द्वारा क्या कार्य योजना बनाई गई है ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) जानकारी संलग्न ''प्रपत्र'' में दर्शित है।(ख) जी हां। प्रश्न उपस्थित नंही होता। **(ग)** शासन द्वारा हाथियों की समस्या के समाधान हेतु निम्नानुसार कार्ययोजना बनाई गई है:-1. प्रदेश में दो हाथी रिजर्व का गठन किया गया है ताकि हाथियों को इसमें भरपूर भोजन एवं पानी मिल सके फलस्वरूप हाथी जंगल में ही रहे और आबादी क्षेत्र में न आवें।2. वन्यप्राणी संरक्षण एवं संवर्धन हेतु वन्यप्राणी रहवास एवं कॉरिडोर क्षेत्रों में जल स्त्रोतों का निर्माण, चारागाह विकास कार्य, अखाद्य खरपतवार का उन्मूलन, अग्नि सुरक्षा आदि कार्य संपादित किया जाता है ताकि हाथियों को पर्याप्त भोजन एवं पानी उपलब्ध हो सकें। 3. हाथियों के समूह के आगमन की पूर्व सूचना हाथी मित्र दलों

द्वारा तथा वन कर्मचारियों द्वारा संभावित विचरण ग्रामों में सूचना वायरलेस, मोबाईल एवं माईक (ध्वनी विस्तारक यंत्र) से सचेत किया जाता है, ताकि हाथी मानव-द्वंद्व कम हो सके।4. ग्रामीणों के फसल, संपत्ति हानि, मकान क्षति एवं जनहानि होने पर प्रभावित ग्रामीणों को समय पर शासन द्वारा निर्धारित दर पर मुआवजा का भुगतान करना।5. बहुउद्देशीय गजराज वाहन के उपयोग से प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल पहुंचना, सहायता पहुंचाना एवं आवश्यकतानुसार हाथियों का ट्रेकिंग करना। 6. ग्रामीणों को किन-किन गांवो में हाथी विचरण की संभावना है की पूर्ण जानकारी आकाशवाणी कार्यक्रम ''हमर हाथी हमर गोठ'' के माध्यम से प्रतिदिन शाम 05.05 बजे अंबिकापुर, रायपुर, बिलासपुर और रायगढ़ आकाशवाणी केन्द्रों से प्रसारित किया जा रहा है।7. हाथियों के आगमन की जानकारी विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त कर इंटरनेट का उपयोग से प्रभावित गांवों में एलीफेंट अलर्ट सिस्टम ''SAJAG'' के माध्यम से ग्रामिणों को सतर्क किया जाता है।8. हाथियों को रेडियों कॉलरिंग किया जाकर उनकी विचरण की जानकारी प्राप्त करना जिससे हाथी-मानव द्वंद्व को कम किया जा सकें।9. विभाग द्वारा हाथी प्रभावित ग्रामों में निरंतर जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से हाथियों के साथ साहचार्य स्थापित करने, हाथी-मानव द्वंद्व से बचने के उपाय के बारे में जागरूक किया जा रहा है।10. धमतरी वनमंडल में हाथी मॉनिटरिंग वाट्सअप ग्रुप बनाया गया है जिसमें मान. विधायकगण, पंच सरपंच अन्य जनप्रतिनिधिगण, प्रिंट मीडिया के पत्रकार, इलेक्ट्रानिक मीडिया के रिपोर्टर जिला स्तर के अधिकारी जिसमें जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, प्रभावित क्षेत्रों के संबंधित थाना प्रभारी आदि शामिल है जिनके माध्यम से निरंतर हाथी के विचरण व निगरानी की सूचना दी जाती है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छब्बीस"]

बालोद जिले में विभिन्न मदों से किये गये वृक्षारोपण कार्य

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

28. (क्र. 189) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बालोद जिले में वन का कुल क्षेत्रफल कितना है? **(ख)** वर्ष 2019-2020 से दिनांक 07 दिसम्बर, 2022 तक कितने क्षेत्रफल में विभागीय मद, कैम्पा, एफ.डी.ए. एवं अन्य मदों से वृक्षारोपण किया गया? वृक्षारोपण में कुल कितनी राशि व्यय की गई है? उक्त वृक्षारोपण में प्रश्नाधीन अवधि में जीवित पौधों का प्रतिशत बतावें?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) बालोद जिले में वन का कुल क्षेत्रफल 86292.343 हेक्टेयर है।**(ख) जानकारी संलग्न ''प्रपत्र''** में दर्शित है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सत्ताईस"]

बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य की जानकारी।

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

29. (क्र. 193) श्री आशीष कुमार छाबड़ा : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के कितने ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य कराया जा रहा है, जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांश "क" अंतर्गत बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों में सामानों का गुणवत्ता परीक्षण किया जा चुका है अथवा कार्य किए जाने के पश्चात गुणवत्ता का परीक्षण किया जाएगा, जानकारी देवें ? **(ग)** क्या प्रश्नांश "क" अंतर्गत किए जा रहे कार्यों में ग्राम बारगांव, जेवरी, कोदवा मे कार्य की शिकायतें प्राप्त हुई है ?यदि हां तो उन पर विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी देवें ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरु रुद्र कुमार) : (क) बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 160 ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य कराया जा रहा है। विवरण **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांक "क" अंतर्गत बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के **संलग्न प्रपत्र-अ** में दर्शित 114 ग्रामों के पूर्ण/प्रगतिरत कार्यो में सामानों का गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट विभिन्न अधिकृत संस्थाओं, जैसे सीपेट, एस.जी.एस., इंजीनियरिंग कॉलेज/पॉलीटेक्नीक कॉलेज, शासकीय संस्थानों एवं शासन द्वारा प्रमाणित संस्थानों से कार्य प्रारंभ करने के पूर्व किया जा चुका है। कार्य किये जाने के पश्चात् भी गुणवत्ता का परीक्षण किया जा सकता है। **(ग)** प्रश्नांक "क" अंतर्गत कार्यों में ग्राम बारगांव व जेवरी की शिकायत प्राप्त हुई थी, किन्तु

ग्राम कोदवा के बाबत कोई शिकायत प्राप्त नही हुई है। विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठाईस"]

जल जीवन मिशन योजनातर्गत नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत कार्य
[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

30. (क्र. 204) श्री चंदन कश्यप : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नारायणपुर, बस्तर एवं कोण्डागांव जिले में जल जीवन मिशन योजना से वर्ष 2019-20 से 01-12-2022 तक किस-किस कार्य के लिए कितनी राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है ? जिलेवार लागत सहित बतावें ? **(ख)** कंडिका ''क'' के अंतर्गत कितने कार्य पूर्ण है व कितने कार्य अपूर्ण हैं ? कार्य पूर्णता की तिथि क्या है ? जिलेवार, कार्यवार बतावें ? **(ग)** क्या उपरोक्त कार्य की धीमी प्रगति अथवा गुणवत्ता विहीन व स्तरहीन कार्य किए जाने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं ? यदि हां तो इस हेतु कौन दोषी हैं ? दोषियों के विरूद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई है ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरु रुद्र कुमार) : (क) नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के नारायणपुर, बस्तर एवं कोण्डागांव जिले में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत से वर्ष 2019-20 से 01-12-2022 तक 262 कार्यों के लिए कुल रु. 10925.94 लाख की राशि स्वीकृति प्रदान की गई है। जिलेवार लागत सहित जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार** है।**(ख)** कंडिका "क" के अंतर्गत कुल 262 स्वीकृत कार्यों में से 13 कार्य पूर्ण है व 249 कार्य अपूर्ण है। कार्यवार विस्तृत जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार** है। जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत कार्य पूर्णता की तिथि वर्ष 2023 लक्षित है।**(ग)** उपरोक्त कार्यों की धीमी प्रगति अथवा गुणवत्ता विहीन व स्तरहीन कार्य किये जाने की शिकायतें प्राप्त नहीं हुई है। प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता है।

नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विद्युत विभाग द्वारा कराये गये कार्य
[ऊर्जा]

31. (क्र. 207) श्री चंदन कश्यप : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जिला नारायणपुर, बस्तर एवं कोण्डागांव में विद्युत विभाग द्वारा वर्ष 2019-20 से 01-12-2022 तक किन-किन कार्यों तथा सामग्री क्रय हेतु कार्यादेश/क्रय आदेश किस-किस फर्म/एजेंसी को जारी किया गया है ? वर्षवार व जिलेवार जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' अनुसार कार्यों/सामग्री क्रय हेतु आदेशित फर्म/एजेंसी को कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया गया है ? वर्षवार व जिलेवार जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) नारायणपुर विधानसभा क्षेत्रांर्गत जिला नारायणपुर, बस्तर एवं कोण्डागांव में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा किये गये कार्यों हेतु जारी किए गए कार्यादेश की फर्मवार/एजेंसीवार, वर्षवार एवं जिलेवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''अ'' अनुसार** तथा छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''ब'' अनुसार** है। उपरोक्त क्षेत्र हेतु क्रय किए गए सामग्री हेतु जारी क्रय आदेश की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''स''** तथा छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''द'' अनुसार** है। उक्त जिलों हेतु क्रेडा द्वारा किये गये कार्यों तथा सामग्री हेतु कार्यादेश /क्रय आदेश की फर्म/एजेंसीवार, वर्षवार एवं जिलेवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''ई'' अनुसार** है। **(ख)** उत्तरांश ''क'' अनुसार आदेशित फर्म/एजेंसी को छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा किये गये भुगतान राशि का वर्षवार एवं जिलेवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र -''अ'' एवं प्रपत्र-''स''** के कॉलम क्रमांक 8 में दर्शित है। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''ब'' एवं प्रपत्र ''द''** के कॉलम क्रमांक 10 में दर्शित है। क्रेडा द्वारा भुगतान किये गये राशि की वर्षवार एवं जिलेवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''ई''** के कॉलम क्रमांक 5 अनुसार है।

वनीय भूमि में पौधारोपण एवं वन रकबा

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

32. (क्र. 209) श्री बघेल लखेश्वर : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में वन विभाग के द्वारा वनीय भूमि में कुल कितने पौधों का पौधरोपण किया गया ? वर्ष 2019-20 से वर्ष 2022-23 मे नवम्बर, 2022 तक की जिलेवार जानकारी देंवे? **(ख)** कृपया बतावें कि विभागीय आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2019-20 की स्थिति में वन का रकबा कितना था और अद्यतन स्थिति में कितना है ? जिलेवार जानकारी देंवे ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) जानकारी संलग्न ''प्रपत्र-अ'' में दर्शित है।**(ख) जानकारी संलग्न''प्रपत्र-ब''** में दर्शित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्तीस"]

रायगढ़ जिलान्तर्गत कृषि पंप हेतु लंबित स्थायी/अस्थायी कनेक्शन

[ऊर्जा]

33. (क्र. 262) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायगढ़ जिला अंतर्गत कृषि पंप के स्थायी व अस्थायी कनेक्शन हेतु कितने प्रकरण लंबित हैं, विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ख)** पंप कनेक्शनों की स्वीकृति की घोषणा के पश्चात् दिसम्बर, 2022 तक कितने लंबित पंपों को कनेक्शन दिया गया है तथा कितना शेष है? शेष कब तक पूर्ण कर लिये जायेंगे? **(ग)** वर्तमान सत्र 2022-23 में नवम्बर, 2022 तक कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं ? कितनों को स्वीकृति प्रदान की गई है ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) रायगढ़ जिला अंतर्गत दिनांक 30.11.2022 की स्थिति में स्थायी कृषि पम्प हेतु 2,791 औपचारिकतापूर्ण आवेदन लंबित हैं। अस्थायी कनेक्शन हेतु लंबित आवेदनों की संख्या निरंक है। स्थायी कनेक्शन के लंबित आवेदनों की विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** सदन में दिनांक 02.03.2021 को पम्प ऊर्जीकरण हेतु की गयी घोषणा के तारतम्य में रायगढ़ जिला के 2,140 पम्पों के विद्युत लाइन विस्तार कार्य पूर्ण कर कनेक्शन प्रदान किया जाना था। जिसमें से 2,137 के कार्य पूर्ण कर विद्युत कनेक्शन प्रदाय किया जा चुका है। शेष 3 पम्पों के कार्य आर.ओ.डब्ल्यू. (पहुंच मार्ग) प्राप्त नहीं होने के कारण लंबित है। आर.ओ.डब्ल्यू. (पहुंच मार्ग) प्राप्त होने पर कार्य किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त 15 दिसंबर 2022 तक वर्ष 2022-23 हेतु निर्धारित पम्प ऊर्जीकरण के लक्ष्य 896 में से 125 पम्पों के कार्य पूर्ण किये गये हैं। **(ग)** वित्तीय वर्ष 2022-23 में नवंबर, 2022 तक स्थायी विद्युत कनेक्शन हेतु 588 आवेदन प्राप्त हुये हैं, जिसमें से सभी 588 आवेदन स्वीकृत कर दिये गए हैं। अस्थायी कनेक्शन हेतु प्राप्त सभी 1,415 आवेदनों को स्वीकृत कर कनेक्शन जारी कर दिया गया है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तीस"]

कांकेर एवं कोंडागांव जिले में अवैध कालोनी निर्माण,रेरा के दिशा-निर्देश के उल्लंघन पर प्राप्त शिकायतें

[आवास एवं पर्यावरण]

34. (क्र. 691) श्री सन्त राम नेताम : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2020 -21 ,2021 -22,2022 -23 में कांकेर एवं कोंडागांव जिले में अवैध कालोनी निर्माण,रेरा के दिशा निर्देश के उलंघन एवं अवैध प्लाटिग की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई ? इस पर विभाग द्वारा किस स्तर पर क्या जाँच हुई है ,जाँच उपरांत क्या कार्यवाही की गई? **(ख)** क्या रेरा व जिला प्रशासन द्वारा किसी शिकायत पर संज्ञान लेते हुए कालोनी का पंजीयन निरस्त किया गया है? **(ग)** क्या निरस्ती उपरांत किसी कालोनी में कोलो नाइजर द्वारा रजिस्ट्री की गई है, अगर हाँ तो किस आधार पर रजिस्ट्री की गई?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : जानकारी एकत्रित की जा रही है।

भाग-3

अतारांकित प्रश्नोत्तर

बलौदा विकासखण्ड में 132KVA का सब स्टेशन निर्माण

[ऊर्जा]

1. (क्र. 3) श्री सौरभ सिंह : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-जांजगीर चाम्पा जिले के बलौदा विकासखण्ड में 132KVA का सब स्टेशन निर्माण करने के लिए प्रशासनिक स्वीकृति कब प्रदान की गई हैं ? निविदा कब बुलाई गई थी एवं किस ठेकेदार को उपरोक्त कार्य कितनी लागत से दिया गया है ? कार्य कब तक पूर्ण होगा ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : जांजगीर चाम्पा जिले के बलौदा विकासखण्ड में 132/33 के.व्ही. सबस्टेशन निर्माण करने के लिए प्रशासनिक स्वीकृति दिनांक 20.08.2020 को प्रदान की गयी थी। उक्त सबस्टेशन के निर्माण हेतु निविदा दिनांक 26.06.2021 को बुलाई गयी थी। निविदा प्रक्रिया के दौरान ही छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा जांजगीर चाम्पा जिले के बलौदा विकासखण्ड में प्रस्तावित 132/33 के.व्ही. सबस्टेशन के क्षेत्र में विद्युत प्रणाली में सुदृढ़ीकरण का कार्य करवाने से व्यवस्था में सुधार हो जाने का लेख कर, बलौदा विकासखण्ड में प्रस्तावित 132/33 के.व्ही. सबस्टेशन निर्माण की वर्तमान में आवश्यकता नहीं होने बाबत् सूचित किये जाने के कारण दिनांक 10.05.2022 को निविदा को रद्द कर, उक्त सबस्टेशन निर्माण के कार्य को वर्तमान में स्थगित रखा गया है। उपरोक्त कार्य किस ठेकेदार को कितनी लागत से दिया गया है तथा कार्य कब तक पूर्ण होगा का प्रश्न उद्भूत नहीं होता है।

लेमरू हाथी परियोजना के अंतर्गत किये गए कार्य

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

2. (क्र. 4) श्री सौरभ सिंह : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-लेमरू हाथी परियोजना के अंतर्गत किस-किस वन मंडल के, किस-किस वन परिक्षेत्र में कितने कार्यो पर वर्ष 2021और वर्ष 2022 में दिनॉक 05/12/2022 तक कितना-कितना खर्च किस-किस परियोजना के तहत किया गया हैं ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : कैम्पा मद अंतर्गत लेमरू हाथी रिजर्व एवं गलियारे क्षेत्र के रहवास विकास अंतर्गत विभिन्न वनमंडलों के वन परिक्षेत्रों में वर्ष 2021 और वर्ष 2022 में दिनांक 05/12/2022 तक कराये गये कार्यो एवं व्यय की **जानकारी संलग्न ''प्रपत्र'' में दर्शित है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तीस"]

प्रदेश में खनिज भंडारण के सर्वे

[खनिज साधन]

3. (क्र. 18) श्री अरुण वोरा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में खनिजों के भंडारण का पता करने हेतु वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2022-23 में 30 नवम्बर, 2022 तक किन-किन संस्थाओं द्वारा किन-किन जिलो में सर्वे किया गया? सर्वे रिपोर्ट में किन-किन महत्वपूर्ण खनिजों के भंडार मिलने की पुष्टी हुई है? **(ख)** प्रदेश के किन-किन जिलों में, कितने क्षेत्रफल में मुख्य रुप से हीरा, सोना, टिन, कॉपर एवं लीथियम खनिजों के भंडारण मिले हैं?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** प्रशनांश **(क)** की अवधि में छत्तीसगढ़ राज्य में हीरा, सोना, टिन, कॉपर एवं लीथियम खनिज के आर्थिक रूप से लाभप्रद भण्डार के किसी भी स्त्रोत की पहचान नहीं की गई है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बत्तीस"]

प्रदेश में बढ़ती हुई बिजली की मांग की पूर्ति

[ऊर्जा]

4. (क्र. 19) श्री अरुण वोरा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में पॉवर जनरेशन कंपनी के द्वारा पंप हाइड्रो स्टोरेज के लिए किन-किन जिलो में जगह चिन्हाकिंत की गई है? इन जिलों में प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने हेतु किस कंपनी को किस दर पर अधिग्रहित किया गया है? **(ख)** उक्त पंप हाइड्रो स्टोरेज में कुल कितने हजार मेगावॉट बिजली स्टोरेज करने की क्षमता है?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) प्रदेश में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में पंप स्टोरेज आधारित जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना हेतु कोरबा जिले में हसदेव बांगो, जशपुर जिले में रौनी एवं दनगरी, गरियाबंद जिले में सिकासेर एवं बलरामपुर जिले में कोटपाली में परियोजना स्थल का चिन्हांकन किया गया है। प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने हेतु कंसल्टेंट मेसर्स वाप्कोस लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम अन्तर्गत जल शक्ति मंत्रालय) गुरूग्राम हरियाणा को प्रति प्रोजेक्ट रिपोर्ट रूपये 10,4500,000/-(रूपये दस करोड़ पैतालिस लाख, जीएसटी अतिरिक्त) की दर पर अनुबंधित किया गया है। **(ख)** उक्त पंप स्टोरेज आधारित जल विद्युत परियोजनाओं की क्षमता का आंकलन कंसल्टेंट मेसर्स वाप्कोस लिमिटेड गुरूग्राम हरियाणा की प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात् की जा सकेगी।

प्रदेश में भुगतान हेतु बकाया बिजली बिल

[ऊर्जा]

5. (क्र. 20) श्री अरुण वोरा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** 31 अक्टूबर, 2022 की स्थिति में किन-किन विभागों पर सीएसपीडीसीएल के बिजली बिल भुगतान की कुल कितनी राशि बकाया है? **(ख)** पिछले 03 वर्षो में तेलंगाना राज्य ने छत्तीसगढ़ से कुल कितनी राशि की बिजली खरीदी है एवं इसके विरूद्ध 31अक्टूबर, 2022 तक कुल कितना भुगतान किया है?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) 31 अक्टूबर, 2022 की स्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न शासकीय विभागों पर छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कपनी लिमिडेट का कुल बकाया राशि रूपये 1,260 करोड़ 62 लाख 92 हजार है एवं केन्द्रीय सरकार के विभिन्न शासकीय विभागों पर कुल बकाया राशि रूपये 79 करोड़ 81 लाख 31 हजार है। छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न विभागों पर बकाया राशि की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-''अ'' अनुसार** एवं केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों पर बकाया राशि की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-''ब'' अनुसार** है। **(ख)** पिछले 03 वर्षों में तेलंगाना राज्य ने छत्तीसगढ़ से कुल राशि रूपये 3,221 करोड 99 लाख की बिजली खरीदी है। इसके विरूद्ध 31 अक्टूबर 2022 तक भुगतान की राशि निरंक है। उल्लेखनीय है कि तेलंगाना राज्य द्वारा प्रश्नाधीन अवधि में रूपए 3,319 करोड़ 48 लाख का भुगतान किया गया है जिसे प्रचलित नियमों के तहत प्रश्नाधीन अवधि से पूर्व बिजली खरीदी की बकाया राशि में समायोजित किया गया है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तैंतीस"]

प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के बिजली बिल में शुल्क के मद एवं बढोत्तरी

[ऊर्जा]

6. (क्र. 33) डॉ. रमन सिंह : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के बिजली बिल में कितने तरह के चार्जेस विभाग द्वारा लगाये जाते हैं, वर्तमान में फिक्सड, वेरिबेल एवं सुरक्षा निधि हेतु प्रति यूनिट कितनी दर निर्धारित की गई है? **(ख)** क्या बिजली बिल में सुरक्षा निधि के कारण बढ़ोत्तरी हुई है, यदि हां तो, बढ़ोत्तरी कितने प्रतिशत अंकित की गई है? सुरक्षा निधि वर्ष में उपभोक्ता को कितनी बार देनी पड़ती है?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के बिजली बिल में सामान्यतः निम्न प्रभार (चार्जेस) लगाये जाते हैं- 1. नियत/मांग प्रभार,2. ऊर्जा प्रभार,3. विद्युत शुल्क,4. ऊर्जा विकास उपकर,5. व्ही.सी.ए. (वेरियेबल कास्ट एडजस्टमेंट)6. मीटर किराया (निम्नदाब घरेलू उपभोक्ताओं को छोड़कर),उक्त के अतिरिक्त युक्तियुक्त कारणों से संबधित श्रेणी के उपभोक्ताओं पर निम्न प्रकार के चार्जेस लगाये जाते है।क) औसत विद्युत खपत बढने पर अतिरिक्त सुरक्षा निधि-वर्ष में केवल 01 बार ख) बकाया राशि होने पर अथवा देयक का भुगतान नियत तिथि के पश्चात करने पर मासिक 1.5 प्रतिशत अधिभारग) पॉवर फेक्टर अधिभारघ) पैनल चार्जछत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं पर निर्धारित ''फिक्सड चार्जेस'' की दर **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार, ''वेरियेबल चार्जेस'' की दर **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार तथा सुरक्षानिधि की दर **संलग्न प्रपत्र ''स''** अनुसार है।**(ख)** जी हॉ, बिजली बिल में अतिरिक्त सुरक्षा निधि की मांग के कारण माह अक्टूबर-2022 के विद्युत देयक जो कि माह नवम्बर 2022 में जारी हुए हैं, में सिर्फ उन उपभोक्ताओं के बिल में बढ़ोत्तरी हुई है, जिनकी पिछले वर्ष की औसत विद्युत खपत में वृद्धि हुई है। विद्युत बिलों में एक समान प्रतिशत वृद्धि नहीं हुई है जिन उपभोक्ताओं की औसत खपत बढ़ी है उसी के अनुरूप अलग-अलग वृद्धि हुई है। निम्नदाब उपभोक्ताओं में बढ़ोत्तरी का प्रतिशत केवल माह अक्टूबर 2022 की राजस्व मांग (मात्र एक महीने की राजस्व मांग) की तुलना में 15.41 प्रतिशत अंकित की गई है एवं उच्चदाब उपभोक्ताओं में बढ़ोत्तरी का प्रतिशत 24.08 प्रतिशत है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत प्रदाय संहिता 2011 की कंडिका 6.9 के अनुसार पिछले 12 माह के दौरान उपभोक्ता की वार्षिक खपत के आधार पर अतिरिक्त सुरक्षा निधि की प्रत्येक वर्ष में सिर्फ एक बार अक्टूबर माह में समीक्षा की जाती है। यदि उपभोक्ता की जमा सुरक्षानिधि की राशि दो माह के औसत खपत की राशि का अंतर निम्नदाब के मामले में न्यूनतम (+/-) 20 प्रतिशत, और उच्चदाब/अतिरिक्त उच्चदाब उपभोक्ता के मामले में न्यूनतम राशि रूपये दस हजार बढ़ती या घटती है तद्नुरूप अतिरिक्त मांग अथवा वापसी की कार्यवाही की जाती है। बी.पी.एल उपभोक्ताओं से सुरक्षानिधि/अतिरिक्त सुरक्षानिधि नहीं ली जाती है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौंतीस"]

मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात कार्यक्रम की जानकारी

[सामान्य प्रशासन]

7. (क्र. 46) श्री प्रमोद कुमार शर्मा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत माननीय मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2018 से नवम्बर, 2022 तक बलौदा बाजार जिला में कहाँ-कहाँ दौरा किया गया? दौरा के दौरान कहाँ-कहाँ पर कितनी-कितनी राशि की घोषणा किन-किन कार्यों हेतु की गयी? विकासखण्डवार जानकारी उपलब्ध करावें। **(ख)** प्रश्नांश **(क)** के घोषित निर्माण कार्यों में से कितने कार्य पूर्ण एवं कितने अपूर्ण हैं, विकासखण्डवार कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी उपलब्ध करावें? कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा? **(ग)** प्रश्नांश **(क)** के निर्माण कार्यों में अनियमितता की कितनी शिकायतें कहाँ-कहाँ से प्राप्त हुई, प्राप्त शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गयी?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) वर्ष 2018 से नवम्बर 2022 तक बलौदाबाजार जिला में भेंट-मुलाकात कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया है। **(ख)** प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।**(ग)** प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित उद्योगों द्वारा ग्रीन बेल्ट की स्थापना नहीं किए जाने पर कार्यवाही

[आवास एवं पर्यावरण]

8. (क्र. 47) श्री प्रमोद कुमार शर्मा : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित किस-किस वृहद एवं मध्यम औघोगिक संस्था के द्वारा वर्ष 2020 से दिसंबर 2022 तक कुल कितने -कितने क्षेत्रफल में, कहाँ-कहाँ, कितने-कितने वृक्षों का रोपण कर पर्यावरण दृष्टि से ग्रीन बेल्ट विकसित किया जाना है? **(ख)** प्रश्नांश **(क)** के तहत किन-किन उद्योगों के द्वारा दिसंबर 2022 की अवधि तक ग्रीन बेल्ट विकसित नहीं किया गया अथवा उक्त कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण नही किया गया? नियमानुसार ग्रीन बेल्ट की स्थापना नहीं करने पर संबन्धित संस्थाओं के विरुद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गयी? **(ग)** पूर्ण हुए ग्रीन बेल्ट क्षेत्रों के भौतिक सत्यापन, मूल्यांकन हेतु निरीक्षण किस-किस स्तर के अधिकारियों के द्वारा किया गया एवं उसमें क्या-क्या पाया गया? कितने प्रतिशत पौधे जीवित पाए गए?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।**(ख)**वर्ष 2020 से दिसम्बर 2022 तक की अवधि में प्रश्नांश **(क)** में उल्लेखित उद्योगों में से मात्र एक उद्योग मेसर्स विकास मेटालिक्स एण्ड एनर्जी लिमिटेड, ग्राम-बरतोरी, तहसील-तिल्दा, जिला-रायपुर द्वारा अपेक्षित वृक्षारोपण/ग्रीन बेल्ट विकसित नहीं किया गया है। उक्त उद्योग के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए शेष वृक्षारोपण हेतु बैंक गारंटी प्राप्त की गई है।**(ग)**उद्योगों एवं खदान क्षेत्रो में किये गये वृक्षारोपण/ग्रीन बेल्ट का भौतिक सत्यापन वन विभाग द्वारा अधिकृत संस्था से कराया जाता है। प्रश्नाधीन क्षेत्र के उद्योगों में वृक्षारोपण/ग्रीन बेल्ट का अब तक कराए गये भौतिक सत्यापन की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** के कॉलम 10 एवं 11 के अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतीस"]

बिलासपुर एयरपोर्ट के 3c नाइट लैंडिंग कार्य की अद्यतन स्थिति

[विमानन]

9. (क्र. 50) श्री शैलेश पांडे : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-बिलासपुर स्थित एयरपोर्ट के 3c नाइट लैंडिंग के कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है, कृपया जानकारी प्रदान करें?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : बिलासपुर एयरपोर्ट के3C नाइट लैंडिंग कार्य हेतु एयरपोर्ट प्रबंधन द्वारा तैयार किये गये विस्तृत कार्य योजना तथा प्राक्कलन राशि रूपये 28.55 करोड़ की राज्य शासन द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गयी है एवं जिला निर्माण समिति द्वारा सिविल तथा विद्युत कार्य हेतु टेण्डर जारी किया जा चुका है।

बिलासपुर में स्वीकृत 132 के.वी.ए. सब स्टेशन के निर्माण की अद्यतन स्थिति

[ऊर्जा]

10. (क्र. 51) श्री शैलेश पांडे : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-बिलासपुर में स्वीकृत 132 के. वी. ए. सब स्टेशन के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है, कृपया जानकारी प्रदान करें?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : बिलासपुर में स्वीकृत 132 के.व्ही.ए. सब स्टेशन के निर्माण हेतु ग्राम-लोखंडी में चयनित भूमि निस्तार पत्रक एवं अधिकार अभिलेख में ''छोटे झाड़ का जगल'' मद में दर्ज होने के कारण वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत भूमि के गैर वानिकी उपयोग हेतु अनुमति बाबत् प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी, परंतु ग्रामसभा लोखंडी द्वारा उक्त स्थान पर सब स्टेशन निर्माण के लिए भूमि आबंटन हेतु अपने पत्र दिनांक 05.05.2022 द्वारा असहमति व्यक्त किये जाने तथा उसी भूमि के पास अन्य वैकल्पिक भूमि उपलब्ध कराने हेतु सहमति व्यक्त किया गया था परन्तु उक्त भूमि में घने पेड़, झाड़ियां एवं सड़क की सतह से काफी नीचे व ढालु होने के कारण सब स्टेशन निर्माण हेतु अनुपयुक्त पाया गया है। बिलासपुर में स्वीकृत 132 के.व्ही.ए. सब स्टेशन के निर्माण हेतु बिलासपुर शहर के समीपवर्ती क्षेत्र में समूचित राजस्व भूमि चिन्हाकित कर आबंटन करने हेतु राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ कलेक्टर जिला बिलासपुर से अनुरोध किया गया है। सब स्टेशन के निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि के आबंटन के उपरान्त सब स्टेशन निर्माण हेतु आगे की कार्यवाही किया जाना संभव हो सकेगा।

लाइमस्टोन और डोलोमाइट क्रशरों द्वारा फर्जी रायल्टी पर्ची उपयोग की शिकायत पर कार्यवाही

[खनिज साधन]

11. (क्र. 70) श्री प्रकाश शक्राजीत नायक : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2022-23 में 30 नवम्बर, 2022 तक रायगढ़ व सारंगढ-बिलाईगढ़ जिले में लाइमस्टोन और डोलोमाइट क्रेशरों को कितनी संख्या एवं मात्रा में रॉयल्टी पर्ची जारी की गई ? क्रेशरवार जानकारी प्रदाय करें ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार क्या सारंगढ़ पुलिस द्वारा कार्यवाही के दौरान क्रशर संचालकों से दूसरे क्रेशरों की पर्चियां बरामद की थी, यदि हां तो क्या कार्यवाही की गई ? **(ग)** प्रश्नांश 'क' अवधि में विभाग को कहां-कहां फर्जी रायल्टी उपयोग करने की शिकायत प्राप्त हुई है एवं उन पर क्या कार्यवाही की गई ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) वर्ष 2022-23 में 30 नवम्बर, 2022 तक रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में लाइमस्टोन व डोलोमाइट के क्रेशर युक्त उत्खनन पट्टा एवं भण्डारण अनुज्ञापत्र हेतु अभिवहन पारपत्र जारी किया गया है। जारी संख्या एवं मात्रा की क्रशरवार जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''**अनुसार है। **(ख)** जी नही। प्रश्नाधीन अवधि में पुलिस थाना सारंगढ़ द्वारा ऐसा कोई प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। **(ग)** जिला रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ में प्रश्नांश 'क' अवधि में फर्जी रायल्टी उपयोग करने की कोई शिकायत खनिज विभाग को प्राप्त नहीं हुई है, अतः जानकारी निरंक है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छत्तीस"]

विभाग द्वारा तय रॉयल्टी से अधिक राशि की वसूली की शिकायत पर कार्यवाही

[खनिज साधन]

12. (क्र. 71) श्री प्रकाश शक्राजीत नायक : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष जनवरी, 2021 से दिसंबर, 2022 तक रायगढ़ जिले में संचालित रेत खदानों के पट्टेदारों द्वारा विभाग की तय रॉयल्टी से अधिक राशि लिए जाने की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं ? यदि हाँ, तो प्राप्त शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई ? **(ख)** क्या विभाग को तय रायल्टी से अधिक राशि वसूले जाने की ग्रामीणों द्वारा शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां तो क्या कार्यवाही हुई है ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) एवं **(ख)** वर्ष जनवरी 2021 से दिसम्बर, 2022 तक रायगढ़ जिले में संचालित रेत खदानों के पट्टेदारों द्वारा विभाग की तय रायल्टी से अधिक राशि लिए जाने की 01 शिकायत प्राप्त हुई है। जांच में शिकायत निराधार पाया गया।

सड़क निर्माण से हुई पेड़ों की कटाई में विक्रय एवं मुआवजा से प्राप्त राशि का उपयोग

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

13. (क्र. 74) श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** नेशनल हाईवे रायपुर-केन्द्री-धमतरी फोरलेन/ बाईपास मार्ग एवं एडीबी परियोजना से स्वीकृत धमतरी से पुराना रायपुर मार्ग, भोयना से पांडुका मार्ग एवं आमदी से कल्ले मार्ग के निर्माण में प्रभावित कुल कितने वृक्षों की कटाई किस किस प्रजाति की, की गई एवं उन वृक्षों के विक्रय से जिला वन मंडलाधिकारी, जिला धमतरी को कुल कितनी राशि प्राप्त हुई, कार्यवार जानकारी बतावें? विक्रय से प्राप्त राशि का खर्च किन कार्यों में करने का प्रावधान है एवं अब तक कितनी कितनी राशि कहां कहां पर खर्च की गई? **(ख)** उपरोक्त मार्गों में पेड़ों की कटाई से विभाग को मुआवजा के रूप में कितनी राशि कब कब प्राप्त हुई? प्राप्त राशि का उपयोग किन किन कार्यों में खर्च किये जाने का प्रावधान है एवं अब तक कितनी कितनी राशि कहां कहां पर खर्च की गई?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) जानकारी संलग्न''प्रपत्र'' में दर्शित है।(ख)मुआवजा के रूप में कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है, अतः शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतीस"]

किसानों को कृषि कार्य हेतु प्रदान किया जाने वाला स्थायी एवं अस्थायी विद्युत कनेक्शन

[ऊर्जा]

14. (क्र. 75) श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** किसानों को कृषि कार्य हेतु अस्थाई कनेक्शन कितने दिनों के लिए जारी किया जाता है एवं उसका आवेदन शुल्क कितना है? क्या जारी अवधि समाप्त होने के बाद स्थाई कनेक्शन की प्रक्रिया पूर्ण नहीं होने/स्वीकृत नहीं होने पर पुनः नवीनीकरण करने का प्रावधान है? यदि हां तो क्या नवीनीकरण हेतु पुनः आवेदन एवं शुल्क की राशि ली जाती है? **(ख)** धमतरी जिले में स्थायी कनेक्शन हेतु वर्तमान में कुल कितने आवेदन लंबित हैं? जिनकी औपचारिकता पूर्ण करने के पश्चात भी स्थायी कनेक्शन हेतु डिमांड जारी नहीं किया गया है। क्या स्थायी कनेक्शन हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर 31 मार्च की स्थिति में डिमांड जारी नहीं होने पर पुनः किसानों को आवेदन करने की प्रक्रिया है? **(ग)** प्रश्नांश 'ख' अंतर्गत जिला में

विद्युत विभाग के द्वारा कृषि पंप हेतु किस महीने एवं वर्ष तक जमा की गई डिमांड राशि वाले जमा की गई किसानों को स्थायी कनेक्शन दिया गया है और लंबित आवेदकों को कब तक स्थायी कनेक्शन प्रदान कर दिया जावेगा?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी सप्लाई कोड 2012 की कंडिका 4.59 (i) के अनुसार आवेदक की मांग पर कृषि कार्य हेतु अधिकतम दो वर्ष तक के लिये अस्थायी विद्युत कनेक्शन जारी किये जाने का प्रावधान है। कृषि पम्पों हेतु अस्थायी विद्युत कनेक्शन के लिए किसी प्रकार का आवेदन शुल्क नहीं लिया जाता है किन्तु आवेदन के साथ आवेदक द्वारा फ्लैट रेट का विकल्प चयन करने पर आवेदित अवधि के विद्युत देयकों के लिए 100/- रूपये प्रति अश्व शक्ति प्रतिमाह तथा विद्युत कनेक्शन संयोजन/ विच्छेदन हेतु 283 रूपये (जी.एस.टी सहित) आवेदन के साथ जमा किया जाता है। फ्लैट रेट विकल्प का चयन नहीं करने की स्थिति में मात्र 283 रूपए विद्युत कनेक्शन संयोजन/विच्छेदन हेतु लेकर कनेक्शन प्रदान किया जाता है। इस श्रेणी के उपभोक्ता को कृषक जीवन ज्योति योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष 03 अश्वशक्ति तक 6,000यूनिट तक तथा 03 से ऊपर 05 अश्वशक्ति तक 7,500 यूनिट तक निशुल्क विद्युत प्रदान किया जाता है। शेष खपत हेतु नियामक आयोग द्वारा निर्धारित कृषि उपयोग हेतु टैरिफ के अनुसार देयक प्रेषित किया जाता है। जी हां। 02 वर्ष की निर्धारित अवधि समाप्त होने के पश्चात भी स्थायी कनेक्शन हेतु विद्युत लाइन विस्तार कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण आवेदक द्वारा मांग किये जाने पर तकनीकी रूप से साध्य रहने पर पुनः नवीनीकरण करने का प्रावधान है। इस हेतु आवेदक को पुनः निर्धारित आवेदन के साथ उपरोक्त उल्लेखित शुल्क का भुगतान करने पर पुनः कनेक्शन प्रदान किया जाता है। **(ख)** धमतरी जिले में 30 नवम्बर 2022 की स्थिति में स्थायी कृषि पम्प कनेक्शन के लिए कुल 1,831 आवेदन लंबित है। जिसमें से 1,781 आवेदन विद्युत लाइन विस्तार हेतु एवं 150 आवेदन भुगतान हेतु लंबित है। औपचारिकतापूर्ण आवेदनों में से सभी को डिमांड नोट जारी किया गया है। स्थायी कनेक्शन हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर 31 मार्च तक डिमांड नोट जारी नहीं होने पर पुनः किसानों को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। अगले वित्तीय वर्ष में उसी आवेदन पर कार्यवाही की जाती है। **(ग)** उत्तरांश ''ख'' के अंतर्गत जिला धमतरी में विद्युत लाइन विस्तार कार्य हेतु लंबित आवेदनों में से दिनांक 31.01.2021 तक डिमांड नोट के भुगतान किये गये आवेदकों को विद्युत कनेक्शन प्रदान किया गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के धमतरी संभाग के अंतर्गत दिनांक 31.01.2021 तक 314 एवं कुरूद संभाग के अंतर्गत 322 नग औपचारिकता पूर्ण (मांग पत्र की राशि जमा करने वाले) कुल 636 किसानों को स्थायी विद्युत कनेक्शन प्रदान करने हेतु वर्ष 2022-23 के लक्ष्य में शामिल किया गया है। शेष (1781-636) 1145 लंबित आवेदकों को वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के अनुरूप आगामी वर्ष में विद्युत कनेक्शन प्रदान करने पर विचार किया जावेगा।

शहीद स्मारक तथा कृष्ण कुंज की स्थापना तथा विधायक आदर्श ग्राम योजना संबंधी

[सामान्य प्रशासन]

15. (क्र. 80) श्री अजय चन्द्राकर : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में कौन-कौन से जिले में, कितने शहीद स्मारक एवं कृष्ण कुंज की स्थापना करने का लक्ष्य है और प्रश्नावधि में कितने की स्थापना कर दी गयी है? और कितनी शेष है तथा पूर्ण स्थापना करने की समयावधि क्या तय की गयी है? **(ख)** विधायक आदर्श ग्राम योजना क्या है? इसका उद्देश्य व प्रारंभ कब से की गयी है? तथा इसके अंतर्गत क्या-क्या कार्ययोजना बनायी गयी है? प्रदेश में कुल कितने विधायक आदर्श ग्राम बनाये जा चुके है और कितना शेष है? इस योजना का प्रतिनिधित्व कौन करता है?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) एवं **(ख)** जानकारी संकलित की जा रही है।

डीएमएफ फंड के तहत प्राप्त एवं व्यय राशि

[खनिज साधन]

16. (क्र. 99) श्री नारायण चंदेल (श्रीमती इंद्रू बंजारे) : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2020 से दिसम्बर 2022 तक डी.एम.एफ. अंतर्गत कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई ? प्राप्त राशि में से कितनी राशि कितने कार्यो में व्यय की गई ? जिलेवार जानकारी उपलब्ध करावें। **(ख)** डी.एम.एफ की राशि किसकी अनुशंसा

पर खर्च की जाती है ? नियमानुसार राशि को किस-किस मद में खर्च किया जा सकता है ? **(ग)** प्रश्नांश 'ख' के कार्यो में अनियमितता की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई ? प्राप्त शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) वित्तीय वर्ष 2020 से दिसम्बर 2022 तक डी.एम.एफ. अंतर्गत प्राप्त राशि, स्वीकृत कार्य एवं व्यय राशि की जिलेवार जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** डी.एम.एफ. फण्ड की राशि शासी परिषद् से वार्षिक कार्ययोजना के अनुमोदन/अनुसंशा पर खर्च की जाती है। नियमानुसार उच्च प्राथमिकता के क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण उपाय, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, कृषि एवं अन्य संबंद्ध गतिविधियां, महिला एवं बाल कल्याण, वृद्ध एवं निःशक्तजन के कल्याण, कौशल विकास एवं रोजगार, स्वच्छता, जनकल्याण, सतत जीविकोपार्जन एवं अन्य प्राथकिता में भौतिक अधोसंरचना, सिंचाई, ऊर्जा एवं जल विभाजक विकास, सार्वजनिक परिवहन, सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षण, युवा गतिविधियों को बढ़ावा, मूलभुत सुविधाएं मद में व्यय किये जाने का प्रावधान है।**(ग)** प्रश्नांश ''ख'' के कार्यो में अनियमितता की प्राप्त शिकायतों एवं की गई कार्यवाही की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-ब''** अनुसार ।
[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तीस"]

जल जीवन मिशन के तहत आबंटित एवं व्यय राशि
[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

17. (क्र. 100) श्री नारायण चंदेल : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जल जीवन मिशन अंतर्गत वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में दिनांक 07 दिसम्बर, 2022 तक कितनी-कितनी राशि की स्वीकृति एवं आबंटन प्राप्त हुआ ? स्वीकृति राशि में से कितनी राशि व्यय की गई ? प्राप्त आबंटन में कितनी राशि राज्य एवं कितनी राशि केन्द्र सरकार से प्राप्त हुई ? जिलेवार जानकारी उपलब्ध करावें। **(ख)** जल जीवन मिशन अंतर्गत वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में जिला जांजगीर-चांपा में कौन-कौन से कार्यो हेतु निविदा जारी कर, किस किस एजेंसी से अनुबंध किया गया ? अनुबंध अनुसार कहां-कहां कार्य प्रारंभ हुए, कार्य प्रारंभ नहीं होने पर एजेंसी पर क्या कार्यवाही की गयी ? विकासखंडवार जानकारी उपलब्ध करावें?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरु रुद्र कुमार) : (क) जल जीवन मिशन अंतर्गत वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में दिनांक 07 दिसम्बर, 2022 तक स्वीकृत राशि, प्राप्त आबंटन, व्यय राशि एवं प्राप्त आबंटन में राज्य एवं केन्द्र सरकार से प्राप्त राशि की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** एवं जिलेवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार** है। **(ख)** जल जीवन मिशन अंतर्गत वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में जिला जांजगीर-चांपा में कार्यो के लिए जारी निविदा, एजेंसी का नाम, अनुबंधवार कार्य प्रारंभ अप्रारंभ तथा कार्य प्रारंभ नही होने पर एजेंसी पर कार्यवाही की विकासखण्डवार वर्ष 2021-2022 की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र–स अनुसार** एवं वर्ष 2022-2023 की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र–द अनुसार** है।

प्रदेश में कार्यरत अनियमित/संविदा/दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के नियमितिकरण हेतु समिति का गठन
[सामान्य प्रशासन]

18. (क्र. 103) श्री डमरूधर पुजारी : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या प्रदेश के अनियमित/संविदा/अस्थायी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के नियमितिकरण हेतु शासन द्वारा समिति का गठन किया गया है ? यदि हां, तो कमेटी का गठन कब किया गया ? समिति के सदस्य कौन-कौन है ? समिति द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत करने की समय सीमा क्या निर्धारित है ? कब रिपोर्ट प्रस्तुत की गई ? रिपोर्ट के आधार पर शासन द्वारा क्या निर्णय लिया गया है ? **(ख)** अनियमित/संविदा/दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का नियमितिकरण कब तक कर दिया जावेगा ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) जी हाँ। सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांक एफ 12-1/2019/1-3, दिनांक 11.12.2019 द्वारा प्रमुख सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम विभाग की अध्यक्षता में निम्नानुसार समिति गठित की गई है- 1 प्रमुख सचिव, विधि और विधायी कार्य विभाग - सदस्य 2 सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग -सदस्य-सचिव 3 सचिव, वित्त विभाग -सदस्य 4 सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग -सदस्य 5 सचिव, आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास विभाग -सदस्य समिति को यथाशीघ्र अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। समिति की बैठकें दिनांक 09.01.2020 एवं दिनांक 16.08.2022 को सम्पन्न हुई है, बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार

विभागों तथा उनके अधीनस्थ विभागाध्यक्ष कार्यालय/निगम/मंडल/आयोग/ संस्था आदि में पूर्व से कार्यरत अनियमित, दैनिक वेतनभोगी एवं संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी चाही गई है। समिति द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई है। प्रश्न उपस्थित नहीं होता। **(ख)** अनियमित, संविदा, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को कब-तक नियमित किया जायेगा, समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

राज्य सरकार द्वारा लिया गया ऋण एवं ब्याज की अदायगी

[वित्त]

19. (क्र. 104) श्री डमरूधर पुजारी : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2019 से दिसम्बर, 2022 तक सरकार द्वारा किन कार्यो/योजनओं हेतु, कितनी-कितनी राशि ऋण के रूप में किस-किस संस्था से कब-कब ली गयी ? सरकार द्वारा अब तक प्रश्नाधीन अवधि में कुल कितनी राशि के ऋण की वापसी की जा चुकी है ? लिए गए ऋण हेतु कितनी-कितनी राशि ब्याज के रूप में संबंधित संस्थाओं को प्रदान की गयी है ?कितनी-कितनी राशि भुगतान की जाना शेष है ? **(ख)** प्राप्त ऋण का उपयोग किन-किन प्रयोजन में किया गया ? विवरण दें?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) वर्ष 2019 से नवम्बर, 2022 तक सरकार द्वारा राज्य के समग्र विकास हेतु विभिन्न संस्थाओं से लिये गये ऋण की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है। सरकार द्वारा अब तक प्रश्नाधीन अवधि में कुल रूपये 12,153 करोड़ के ऋण की वापसी की जा चुकी है। लिए गए ऋण हेतु कुल रूपये 21,667 करोड़ ब्याज के रूप में संबंधित संस्थाओं को चुकाई गयी है। नवम्बर, 2022 की स्थिति में राशि रूपये 83,752 करोड़ का भुगतान किया जाना शेष है। **(ख)** ऋण राज्य के समग्र संसाधनों का भाग होता है एवं ऋण से व्यय हेतु बजट में योजनाओं की One to one mapping नहीं की जाती है। अतः जानकारी दिया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उनतालीस"]

मुख्यमंत्री जी के भेंट मुलाकात कार्यक्रम में प्राप्त, निराकृत एवं लंबित आवेदन

[सामान्य प्रशासन]

20. (क्र. 107) डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या मुख्यमंत्री जी के द्वारा मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में '' भेंट मुलाकात '' कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं ? यदि हाँ तो कब ? इसमें कुल कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं? कितने का निराकरण किया गया है व कितने लंबित हैं ? **(ख)** कंडिका '' क '' अनुसार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी के द्वारा कितनी घोषणायें की गई हैं ? इसमें कितनी पूर्ण व कितनी अपूर्ण हैं ? इस कार्यक्रम में कितने अधिकारियों व कर्मचारियों के ऊपर क्या कार्यवाही की गई ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) मुख्यमंत्री जी द्वारा मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में ''भेंट मुलाकात'' कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया है।**(ख)** प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

घरेलू विद्युत् उपभोग्ताओं से बिजली बिल के साथ सुरक्षा निधि की राशि लेने का औचित्य

[ऊर्जा]

21. (क्र. 113) श्री सत्यनारायण शर्मा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** छ.ग. विद्युत् मंडल द्वारा घरेलू विद्युत् उपभोग्ताओं से बिजली बिल के साथ सुरक्षा निधि के रूप में कितनी बार राशि ली जाती है ? वर्ष 2018 के बाद से 30 नवंबर 2022 तक इस मद में प्रदेश में कुल कितनी राशि ली जा चुकी है? **(ख)** 30 नवंबर 2022 तक इस मद की कुल कितनी राशि घरेलू उपभोग्ताओं को वापस कि गई है? घरेलू उपभोक्ताओं से सुरक्षा निधि लिए जाने का क्या औचित्य है?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) छ.ग. विद्युत मंडल नहीं अपितु छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी द्वारा घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं से बिजली बिल के साथ अतिरिक्त सुरक्षा निधि वर्ष में आवश्यकतानुसार केवल एक बार ली जाती है, जो छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत प्रदाय संहिता 2011 की कंडिका 6.9 में उल्लिखित प्रावधान के अनुसार है। वर्ष

2018 के बाद से 30 नवम्बर 2022 तक (घरेलू उपभोक्ताओं से) इस मद में प्रदेश में सुरक्षा निधि (नये कनेक्शन से) के रूप में रूपये 75 करोड़ 34 लाख तथा अतिरिक्त सुरक्षा निधि के रूप में राशि रूपये 154 करोड़ 83 लाख कुल राशि रूपये 230 करोड़ 17 लाख ली जा चुकी है। **(ख)** वर्ष 2020-21 से 30 नवम्बर 2022 तक इस मद की कुल राशि रूपये 49 करोड़ 89 लाख (वापस न कर) घरेलू उपभोक्ताओं के बिलों मे छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत प्रदाय संहिता 2011 की कंडिका 6.10 में उल्लिखित प्रावधान के अनुसार समायोजित की गई है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत प्रदाय संहिता 2011 की कंडिका 6.1 एवं 6.9 में उल्लिखित प्रावधान के अनुसार सुरक्षानिधि ली जाती है। सुरक्षानिधि लिए जाने का औचित्य यह है कि डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी उपभोक्ताओं को अग्रिम बिजली की आपूर्ति करती है जबकि उपभोक्ताओं से बिल भुगतान की राशि लगभग दो माह बाद प्राप्त होती है।

केंद्र सरकार से राज्य सरकार को प्राप्त कर अनुदान

[वित्त]

22. (क्र. 118) डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** केंद्र सरकार से राज्य सरकार को वित्तीय वर्ष 2021-22, व 2022-23 में कर, अनुदान के रूप में कुल कितनी राशि प्राप्त होनी थी, कितनी राशि प्राप्त हुई है, कितनी राशि प्राप्त होनी शेष है ? वर्षवार, करवार, अनुदानवार जानकारी देंवे ? **(ख)** जनवरी, 2021 से नवम्बर, 2022 तक सरकार द्वारा कुल कितना ऋण लिया गया है और कुल कितना ऋण पटाया गया है और कुल कितना ऋण भार राज्य पर है ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) केन्द्र सरकार से राज्य सरकार को वर्षवार केन्द्रीय करों में राज्य का हिस्सा एवं प्राप्त सहायक अनुदान की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** जनवरी, 2021 से नवम्बर, 2022 तक सरकार द्वारा कुल रूपये 20,876 करोड़ ऋण लिया गया है और कुल रूपये 8,858 करोड़ ऋण पटाया गया है तथा नवम्बर, 2022 की स्थिति में रूपये 83,752 करोड़ ऋण भार राज्य पर है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चालीस"]

दुर्ग वनवृत्त में केम्पा और अन्य मदों से किये गए कार्य

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

23. (क्र. 119) श्री दलेश्वर साहू : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-दुर्ग वनवृत्त के खैरागढ़ एवं राजनांदगाव वनमंडल में वर्ष 2020 से 08.12.2022 तक केम्पा और अन्य मदों से कौन कौन से कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गयी है? स्वीकृत कार्यों की परिक्षेत्रवार, कक्ष क्रमांकवार, कार्यवार, वर्षवार एवं कार्यवार भुगतान की जानकारी देवें ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : दुर्ग वन वृत्त के खैरागढ़ एवं राजनांदगांव वनमण्डल अंतर्गत कैम्पा और अन्य मदों से स्वीकृत कार्यों की वर्षवार जानकारी निम्नानुसार है:-

क्र.	वर्ष	योजना का नाम	स्वीकृत कार्यों की संख्या	स्वीकृत राशि (लाख में)	व्यय राशि (लाख में)
1	2	3	4	5	6
खैरागढ़ वनमण्डल					
1	2020-21	कैम्पा	152	1192.707	1094.949
		अन्य मद	269	1354.306	1314.406
		योग -	421	2547.013	2409.355
2	2021-22	कैम्पा	465	2583.906	1831.788
		अन्य मद	370	3122.714	2850.883
		योग -	835	5706.620	4682.671
3	01 अप्रैल 2022 से 08 दिसम्बर 2022 तक	कैम्पा	253	973.097	254.724
		अन्य मद	376	3048.327	590.287

		योग -	629	4021.424	845.011
कुल योग - खैरागढ़ वनमण्डल			1885	12275.057	7937.037

राजनांदगांव वनमण्डल					
क्र.	वर्ष	योजना का नाम	स्वीकृत कार्यों की संख्या	स्वीकृत राशि (लाख में)	व्यय राशि (लाख में)
1	2	3	4	5	6
1	2020-21	कैम्पा	207	2083.599	1837.456
		अन्य मद	403	1858.403	1161.082
		योग -	610	3942.002	2998.538
2	2021-22	कैम्पा	289	3346.316	1507.344
		अन्य मद	610	2607.957	2402.774
		योग -	899	5954.273	3910.118
3	01 अप्रैल 2022 से 08 दिसम्बर 2022 तक	कैम्पा	187	1110.308	230.334
		अन्य मद	453	2227.844	537.614
		योग -	640	3338.152	767.948
कुल योग - राजनांदगांव वनमण्डल			2149	13234.427	7676.603

स्वीकृत कार्यों की परिक्षेत्रवार, कक्ष क्रमांकवार, कार्यवार, वर्षवार एवं कार्यवार भुगतान की **जानकारी पुस्तकालय में रखे ''प्रपत्र'' में दर्शित है।**

राजनांदगाव जिले में हाईमास्ट सयंत्र के स्थापना की स्वीकृति

[ऊर्जा]

24. (क्र. 122) श्री दलेश्वर साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या वर्ष 2020 से नवम्बर, 2022 तक क्रेडा द्वारा राजनांदगाव जिले में हाईमास्ट सयंत्र के स्थापना की स्वीकृति दी गयी है? यदि हाँ तो किन-किन विधानसभा क्षेत्रों में कितने हाईमास्ट सयंत्र की स्वीकृति प्रदान की गयी है? जानकारी देवें ? **(ख)** क्या विधानसभा क्षेत्र डोंगरगाव में अतिरिक्त हाईमास्ट सयंत्र स्थापना हेतु माननीय मुख्यमंत्री से निर्देश प्राप्त हुआ है? यदि हाँ तो उस पर क्या कार्यवाही हुई है? जानकारी देवें?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) हॉ, वर्ष 2020 से नवम्बर, 2022 तक क्रेडा द्वारा राजनांदगॉव जिले मे हाईमास्ट संयंत्र के स्थापना की स्वीकृति दी गयी है। कुल 06 विधानसभा क्षेत्रों में 180 नग हाईमास्ट संयंत्रों की स्थापना की स्वीकृति प्रदान की गई है। विधानसभावार जानकारी निम्नानुसार हैः-

क्र.	विधानसभा क्षेत्र	स्वीकृत हाईमास्ट संयंत्रों की संख्या
1	राजनांदगांव	74
2	खुज्जी	20
3	डोंगरगढ़	25
4	डोंगरगांव	20
5	खैरागढ़	20
6	मोहला-मानपुर	21
कुल योग		**180**

(ख) हॉ, विधानसभा क्षेत्र डोंगरगॉव में 20 नग अतिरिक्त हाईमास्ट संयंत्र स्थापना हेतु माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र क्रेडा को दिनांक 24.08.2022 को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्राप्त हुआ है। उक्त पत्र के अनुसार सोलर हाईमास्ट संयंत्र की स्थापना हेतु सर्वे कार्य प्रक्रियाधीन है। सर्वे उपरांत विस्तृत प्राक्कलन तैयार कर राशि आबंटन/उपलब्ध करने का प्रस्ताव जिला प्रशासन,राजनांदगॉव को प्रेषित किया जायेगा।

सी-मार्ट का संचालन

[ग्रामोद्योग]

25. (क्र. 126) श्री धरम लाल कौशिक : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में कुल कितने सी-मार्ट खोले गए हैं ? इन सी-मार्ट में नम्वबर, 2022 तक कितनी राशि व्यय की गई है ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' अनुसार सी-मार्ट में कुल कितनी सामग्री क्रय की गई है? कितनी बिक्री हुई है एवं कुल कितना लाभ हुआ है? **(ग)** उक्त अनुसार सी-मार्ट का संचालन सरकार, निजी संस्था या किस प्रकार से किया जा रहा है ? यदि किसी निजी संस्था द्वारा किया जा रहा है तो निजी संस्था/व्यक्ति का नाम व पता क्या है तथा इन्हे संचालन हेतु किस प्रक्रिया के तहत चयनित किया गया है ? **(घ)** उक्तानुसार सी-मार्ट में कितने कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतनमान पर रखा गया है तथा भुगतान किस मद से किया जा रहा है, सी-मार्टवार जानकारी देवें ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरु रुद्र कुमार) : (क) प्रदेश में कुल 32 सी-मार्ट खोले गये है। सी-मार्ट में नवम्बर 2022 तक राशि रू. 71757053/- व्यय की गई है। **(ख)** सी-मार्ट में नवम्बर 2022 तक कुल राशि रू. 183495535/- की सामग्री क्रय की गई है। सी-मार्ट में नवम्बर 2022 तक राशि रू. 126914280/- की बिक्री हुई है एवं सी-मार्ट में नवम्बर 2022 तक कुल राशि रू. 7667224/- का लाभ हुआ है। **(ग)** जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।
(घ) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तालीस"]

रायपुर जिले के अंतर्गत ग्राम उद्योग विभाग द्वारा लघु एवं ग्रामीण उद्योग व्यवसाय हेतु स्वीकृत राशि

[ग्रामोद्योग]

26. (क्र. 127) श्री कुलदीप जुनेजा : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला रायपुर अंतर्गत दिनांक 01 जनवरी 2020 से दिनांक 01 दिसंबर 2022 तक ग्राम उद्योग विभाग द्वारा लघु एवं ग्रामीण उद्योग व्यवसाय हेतु कितनी-कितनी राशि स्वीकृत की गई ? **(ख)** लघु एवं ग्रामीण उद्योग व्यवसाय हेतु विभाग द्वारा कितने व्यक्तियों को, क्या-क्या प्रशिक्षण दिया गया ? **(ग)** उक्त अवधि में कितने व्यक्तियों को किन-किन व्यवसाय हेतु राशि दी गई ? वर्तमान में व्यवसाय संचालित है अथवा नहीं ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरु रुद्र कुमार) : (क) जिला रायपुर अंतर्गत दिनांक 01 जनवरी 2020 से दिनांक 01 दिसम्बर 2022 तक ग्राम उद्योग विभाग द्वारा लघु एवं ग्रामीण उद्योग व्यवसाय हेतु 5 करोड़ 1 लाख 79 हजार रूपये एवं हाथकरघा उद्योग व्यवसाय हेतु 50.05 लाख स्वीकृत की गई है। **(ख)** लघु एवं ग्रामीण उद्योग व्यवसाय हेतु विभाग द्वारा व्यक्तियों को दिये गये प्रशिक्षण की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** उक्त अवधि में छ.ग. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा 253 इकाईयों (व्यक्तियों) को विभिन्न व्यवसायों हेतु राशि दी गई है, वर्तमान में व्यवसाय संचालित है एवं छ.ग.माटीकला बोर्ड द्वारा कुम्भकार टेराकोटा योजनांतर्गत 244 व्यक्तियों को निःशुल्क विद्युत चाक का वितरण किया गया है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बयालीस"]

जिला रायपुर के पावर प्लान्टस के द्वारा उत्सर्जित वेस्ट मटेरियल फलाई एश (राखड) डम्प किया जाना

[आवास एवं पर्यावरण]

27. (क्र. 128) श्री कुलदीप जुनेजा : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला रायपुर में कितने पावर प्लांट या अन्य प्लांट स्थापित हैं, जिनसे वेस्ट मटेरियल के रूप में फ्लाई ऐश डस्ट (राखड) या स्लेग चूरी उत्सर्जित होता है या निकलता है ? **(ख)** किस-किस प्लांट में उत्सर्जित वेस्ट मटेरियल हेतु राखड डेम बनाया गया है

? **(ग)** क्या वर्ष 2022-23 में प्रश्नाधीन अवधि में जिला रायपुर में सामान्य खुले में अनेक स्थानों पर फ्लाई ऐश (राखड) डम्प करने की शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां, तो प्राप्त शिकायत पर क्या कार्यवाही की गई, बतायें ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) जिला रायपुर में 33 पॉवर प्लांट से वेस्ट मटेरियल के रूप में फ्लाई ऐश डस्ट (राखड़) जनित होती है एवं 122 उद्योगों से स्लैग जनित होता है।**(ख)** जिला रायपुर में स्थित एक उद्योग मेसर्स रायपुर एनर्जन लिमिटेड, (पूर्व नाम मेसर्स जीएमआर छत्तीसगढ़ एनर्जी लिमिटेड),ग्राम-रायखेड़ा, तहसील-तिल्दा, जिला-रायपुर (छ.ग.) द्वारा उत्सर्जित फ्लाई ऐश के अपवहन हेतु राखड़ डेम बनाया गया है।**(ग)** जी नहीं। अतः शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

चित्रकोट वि.स. क्षेत्र में वन विभाग द्वारा तालाब निर्माण

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

28. (क्र. 133) श्री राजमन बेंजाम : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वन विभाग के द्वारा वर्ष 2019 से वर्ष 2022 तक कितने तालाबों का निर्माण किया गया है ? क्या निर्मित एवं निर्माणाधीन तालाबों के लिए निविदा आमंत्रित की गई थी ? यदि हाँ, तो तालाब निर्माण के लिए निविदा उपरांत किन-किन ठेकेदारों को तालाब निर्माण कार्य सौंपा गया है ? लागत राशि व ठेकेदारों की जानकारी सहित निर्मित एवं निर्माणाधीन तालाबों की जानकारी वर्षवार, विकासखंडवार देंवे ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : वर्षवार एवं विकासखण्डवार **जानकारी संलग्न''प्रपत्र'' अनुसार है ।** निविदा आमंत्रित नहीं की गई थी । विभागीय रूप से कार्य कराया गया है । शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता है ।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरालीस"]

चित्रकोट वि.स.क्षेत्र में नल-जल योजना अंतर्गत पानी टंकियों का निर्माण

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

29. (क्र. 134) श्री राजमन बेंजाम : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में नल-जल योजना अंतर्गत वर्ष 2019 से दिनांक 07 दिसंबर, 2022 तक किन-किन ग्राम पंचायतों में पानी टंकियों का निर्माण किया गया है एवं प्रति टंकी लागत राशि क्या थी ? वर्षवार, विकासखंडवार जानकारी देवें? निर्मित पानी टंकियों में से कितनी पानी टंकी संचालित हैं एवं कितनी बंद पड़ी हुई हैं ? विकासखंडवार जानकारी देवें तथा बंद टंकियों का पुनः संचालन कब तक प्रारम्भ किया जायेगा ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरु रुद्र कुमार) : चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में नल-जल योजना अंतर्गत वर्ष 2019 से दिनांक 07 दिसम्बर, 2022 तक 06 ग्राम पंचायतों में 06 पानी टंकियों का निर्माण किया गया है। प्रति टंकी की लागत वर्षवार, विकासखंडवार की जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। उक्त निर्मित पानी टंकियों में से 02 पानी टंकी संचालित है एवं 04 टंकी बंद है। विकासखंडवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। बंद टंकियों को संचालन किये जाने हेतु जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रस्तावित कार्य की स्वीकृति प्राप्त कर निविदा आमंत्रित की गयी है जो की प्रकियाधीन है। अतः निश्चित तिथि बताया जाना संभव नही है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चवालीस"]

अनुसूचित जाति एवं जनजाति के आरक्षण के संबंध में वकीलों की ली गई सेवाएं एवं भुगतान

[सामान्य प्रशासन]

30. (क्र. 136) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या यह सही है कि छत्तीसगढ़ में लोक सेवा एवं शिक्षण संस्थाओं में आरक्षण से संबंधित वर्ष 2012 के प्रावधान को माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के द्वारा निरस्त घोषित कर दिया गया है ? यदि हां तो वर्ष 2020 से लेकर सितम्बर, 2022 तक इस प्रकरण में किन-किन वकीलों की सेवाएं सरकार द्वारा ली गई है और उन्हें कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया गया है

? **(ख)** प्रश्नांश अवधि में छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर के किन-किन वकीलों की सेवाएं राज्य शासन द्वारा किन-किन प्रकरणों में ली गई हैं और उन्हें कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया गया है प्रकरणवार, वकीलवार व राशिवार जानकारी देवें?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) एवं **(ख)** जानकारी एकत्रित की जा रही है।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वीकृत कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

31. (क्र. 139) श्री सन्त राम नेताम : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** केशकाल विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अंतर्गत योजना प्रारंभ से दिनांक 08/12/2022 तक कितने ग्रामों में कितनी लागत के कितने कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है? कार्यवार स्वीकृति दिनांक व लागत सहित बतावें ? **(ख)** कंडिका "क" के स्वीकृत कार्यो की प्रगति क्या है? कार्यवार बतावें ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरु रुद्र कुमार) : (क) केशकाल विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अंतर्गत योजना प्रारंभ से दिनांक 08/12/2022 तक 289 ग्रामों में रु. 33120.07 लाख लागत के 289 कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यवार स्वीकृति दिनांक व लागत सहित जानकारी **पुस्तकालय** में रखे प्रपत्र अनुसार है। **(ख)** कंडिका ''क" के 289 स्वीकृत कार्यो में से 04 पूर्ण, 157 प्रगतिरत, 15 अप्रारम्भ एवं 113 निविदा प्रक्रियाधीन है। कार्यवार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे प्रपत्र के कॉलम क्र. 7, 8, 9, एवं 10 अनुसार है।

केशकाल विधानसभा क्षेत्र में स्थाई/अस्थाई विद्युत कनेक्शन के प्राप्त आवेदन

[ऊर्जा]

32. (क्र. 140) श्री सन्त राम नेताम : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-केशकाल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कृषकों द्वारा स्थाई/अस्थाई विद्युत पम्प कनेक्शन के लिए कितने आवेदन किये गये थे? कब तक कनेक्शन दिया जावेगा?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : केशकाल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दिनांक 31 मार्च 2022 की स्थिति में 4,129 पम्पों के आवेदन स्थायी कनेक्शन हेतु लंबित थे। वर्ष 2022-23 में दिनांक 30 नवंबर 2022 तक 370 आवेदन प्राप्त हुए। इस प्रकार कुल प्राप्त आवेदन 4,499 (4,129 + 370) में से 157 पम्पों को विद्यमान लाइन से विद्युत कनेक्शन प्रदान किया गया है। शेष 4,342 (4,499 - 157) में से 2,639 पम्पों के ऊर्जीकरण हेतु वर्ष 2022-23 के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिनके कार्य मार्च 2023 तक पूर्ण किये जाने के प्रयास है। अतिशेष 1,703 (4,342 - 2639) पम्पों को वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के अनुरूप आगामी वर्ष में विद्युत कनेक्शन प्रदान किया जा सकेगा। वर्ष 2022-23 में दिनांक 30 नवम्बर 2022 तक अस्थाई विद्युत कनेक्शन हेतु 862 पंपों के आवेदन प्राप्त हुये थे, प्राप्त सभी आवेदनों को अस्थाई कनेक्शन प्रदान कर दिया गया है।

जिला मुंगेली अंतर्गत जल जीवन मिशन योजनांतर्गत कार्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

33. (क्र. 158) श्री धर्मजीत सिंह : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला मुंगेली अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना में कितने और कहां-कहां कितनी-कितनी लागत के कार्यो की स्वीकृति दी गई है? **(ख)** कंडिका "क" की योजना को पूर्ण करने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गयी है? यदि हां तो कब तक? **(ग)** कंडिका "क" एवं "ख" के परिप्रेक्ष्य में स्वीकृत कार्यों की प्रगति बतावें एवं अप्रारंभ कार्य का विवरण कारण सहित बतावें?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरु रुद्र कुमार) : (क) जिला मुंगेली अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना में स्वीकृत कार्यों एवं लागत की ग्रामवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जी हां। जानकारी **पुस्तकालय में**

रखे प्रपत्र अनुसार है। **(ग)** कंडिका 'क' एवं 'ख' के परिप्रेक्ष्य में स्वीकृत कार्यो की प्रगति एवं अप्रारंभ कार्य का विवरण कारण सहित जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

मुंगेली जिलान्तर्गत कृषि हेतु विद्युत पंप कनेक्शन

[ऊर्जा]

34. (क्र. 159) श्री धर्मजीत सिंह : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** मुंगेली जिला अंतर्गत विगत 3 वर्षों में कृषि पंपों के लिए विद्युत कनेक्शन के कितने आवेदन प्राप्त हुए, विकासखंडवार बतावें? **(ख)** कंडिका "क" के कितने प्रकरणों में विद्युत कनेक्शन स्थाई /अस्थाई किया गया , विवरण देवें? **(ग)** क्या कंडिका "क" के आवेदन अभी तक लंबित हैं? यदि हां तो लंबित प्रकरणों का कारण सहित विवरण देवें?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) मुंगेली जिला अंतर्गत विगत 03 वर्षों में कृषि पम्पों के विद्युत कनेक्शन के लिये प्राप्त आवेदन का विकासखण्डवार विवरण **संलग्न प्रपत्र** के कॉलम 3 एवं 4 अनुसार है। **(ख)** प्रश्नाधीन अवधि में प्राप्त कृषि पम्पों के स्थायी/अस्थायी विद्युत कनेक्शन हेतु आवेदन के विरूद्ध जारी किये गये कनेक्शन का विकासखण्डवार विवरण **संलग्न प्रपत्र** के कॉलम 5 एवं 6 अनुसार है। **(ग)** जी हां, प्रश्नाधीन अवधि में प्राप्त आवेदन में से कुछ आवेदन स्थायी विद्युत कनेक्शन हेतु लंबित है। लंबित आवेदनों के कारणों का विवरण **संलग्न प्रपत्र** के कॉलम 7 एवं 8 अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतालीस"]

स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत डीएमएफ निधि के तहत स्वीकृत एवं व्यय राशि

[खनिज साधन]

35. (क्र. 165) श्री रजनीश कुमार सिंह : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** डीएमएफ फंड से बस्तर संभाग के जिलों व कोरबा तथा रायगढ़ जिलों में जनवरी, 2019 से नवम्बर,2022 तक कितनी राशि प्राप्त हुई है व शेष राशि किन बैंकों में जमा है? **(ख)** क्या 31 जुलाई, 2021 को विभाग द्वारा जारी निर्देश में उल्लेख है कि स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत डीएमएफ निधि का उपयोग किये जाने के पूर्व स्कूल शिक्षा विभाग से अनापत्ति प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा? यदि हॉ तो उक्त निर्देश जारी होने के बाद स्कूल शिक्षा विभाग में डीएमएफ मद से संचालित योजना व स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के अतिरिक्त अन्य प्रयोजन के लिए कितनी राशि कितने कार्यो के लिए बिलासपुर संभाग के जिलों में स्वीकृत की गई व कितनी राशि व्यय की गई व कितनी शेष है?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) डीएमएफ फंड से बस्तर संभाग के जिलों व कोरबा तथा रायगढ़ जिलों में जनवरी 2019 से नवम्बर, 2022 तक प्राप्त राशि एवं शेष राशि की बैंकवार जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** जी हां। स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत डीएमएफ मद से संचालित योजनाओं एवं स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल के अतिरिक्त स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत अन्य प्रयोजनार्थ डीएमएफ निधि का उपयोग किये जाने के पूर्व अथवा वार्षिक योजनाविजन डॉक्यूमेंट तैयार किये जाने के पूर्व स्कूल शिक्षा विभाग से अनापत्ति प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा। उक्त निर्देश जारी होने के बाद स्कूल शिक्षा विभाग में डीएमएफ मद से संचालित योजना व स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के अतिरिक्त अन्य प्रयोजन के लिए बिलासपुर संभाग के जिलों में स्वीकृत कार्यों की संख्या व्यय राशि एवं शेष राशि की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छियालीस"]

बिलासपुर, गरियाबंद व कोण्डागांव जिले में जल आवर्धन योजना

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

36. (क्र. 167) श्री रजनीश कुमार सिंह : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या बिलासपुर, गरियाबंद व कोण्डागांव जिले में जल आवर्धन योजना कब स्वीकृत हुई है, कब पूर्ण होनी थी, कब पूर्ण हुई है व कौन-कौन सी अपूर्ण है? इसमें कौन-कौन सी योजना समयावधि पूर्ण होने के बाद भी अपूर्ण है ?

योजनावार, एजेंसीवार, भुगतान की गई व भुगतान हेतु शेष राशिवार जानकारी तथा निर्माण की अद्यतन स्थिति बतावें ? **(ख)** क्या उपरोक्त जिलों में किसी फर्म/ठेकेदार की कंपनी को समय पर कार्य पूर्ण नहीं करने पर प्रतिबंधित किया गया है? यदि हॉ तो किस-किस फर्म को व क्यों ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरु रुद्र कुमार) : (क) जी हां, जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र - अ अनुसार** है। कोटा नगर की आवर्धन जलप्रदाय योजना समयावधि पूर्ण होने के बाद भी अपूर्ण है। योजनावार, एजेंसीवार, भुगतान की गई व भुगतान हेतु शेष राशिवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र - ब अनुसार** है। जिला गरियाबंद की गरियाबंद, राजिम आवर्धन जलप्रदाय योजना, जिला बिलासपुर की सिरगिट्टी, तिफरा, बिलासपुर, बिल्हा, बोदरी-चकरभाठा आवर्धन जलप्रदाय योजना, जिला कोण्डागांव की कोण्डागांव, केशकाल एवं फरसगांव आवर्धन जलप्रदाय योजना का कार्य पूर्ण है तथा जिला बिलासपुर की कोटा आवर्धन जलप्रदाय योजना का कार्य प्रगतिरत है।**(ख)** जी नहीं। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

नल-जल योजना द्वारा स्वीकृत कार्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

37. (क्र. 170) श्री रामकुमार यादव : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** चन्द्रपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2021-22 से दिनांक 07 दिसंबर, 2022 तक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा नल-जल योजना व अन्य कौन-कौन से कार्य स्वीकृत हुये हैं? विवरण देवें ? **(ख)** उन स्वीकृत कार्यो की वर्तमान स्थिति पूर्ण-अपूर्ण की जानकारी प्रदान करें? **(ग)** अपूर्ण कार्यों को कब तक पूर्ण किया जावेगा? विवरण देवें ? **(घ)** स्वीकृत कार्यों के निर्माण से संबंधित क्या कहीं कोई शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां, तो कहां एवं उनका क्या निराकरण किया गया है?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरु रुद्र कुमार) : (क) चंद्रपुर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2021-2022 से दिनांक 07 दिसम्बर 2022 तक विभाग द्वारा नलजल योजना व आंगनबाडियों में रनिंग वाटर, हैण्डपंप योजना से बसाहट, स्कूल, आंगनबाडी, श्मशान घाट, गौठान में नलकूप खनन कर हैण्डपंप स्थापना के कार्य स्वीकृत हुए है। विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार** है।**(ख)** स्वीकृत कार्यो की वर्तमान स्थिति सहित पूर्ण-अपूर्ण की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार** है।**(ग)** अपूर्ण कार्यो को कब तक पूर्ण किया जावेगा, कार्यवार विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार** है।**(घ)** जी नहीं। प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर के अंतर्गत संचालित बोरवेल्स एवं हैण्डपम्प

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

38. (क्र. 171) श्री रामकुमार यादव : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** चन्द्रपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2021-22 से नवम्बर, 2022 तक कुल कितने बोरवेल्स एवं हैण्डपम्प संचालित हैं ? संचालित स्थान सहित विवरण देवें। **(ख)** उन बोरवेल्स व हैण्डपम्प में कितने अच्छी स्थिति व कितने खराब व कितने बंद पड़े हैं ? विस्तृत जानकारी, स्थान सहित विवरण देवें? **(ग)** बंद पड़े व खराब बोरवेल्स के सुधार हेतु क्या उपाय किये गये हैं ? **(घ)** वर्तमान मे कितने बोरवेल्स व हैण्डपम्प खनन हेतु स्वीकृत किए जाने हैं ? विवरण देवें?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरु रुद्र कुमार) : (क) चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2021-22 से नवम्बर 2022 तक कुल 779 बोरवेल्स एवं 1526 हैण्डपंप संचालित है। संचालित स्थान सहित विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है। (ख)** उनमें से 775 बोरवेल्स व 1505 हैण्डपंप अच्छी स्थिति में (चालू) है एवं 04 बोरवेल्स व 21 हैण्डपंप खराब व बंद पड़े है। स्थान सहित विस्तृत विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार** है। **(ग)** बंद पड़े व खराब बोरवेल्स (पावर पंप) के सुधार हेतु संबंधित ग्राम पंचायतों को तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया है, सुधार कार्य संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा किया जावेगा। **(घ)** वर्तमान में बोरवेल्स व हैण्डपंप खनन हेतु स्वीकृत किये जाने हेतु कोई कार्य शेष नहीं है।

बिलासपुर संभागान्तर्गत अनियमित, संविदा, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का नियिमतिकरण

[सामान्य प्रशासन]

39. (क्र. 173) श्री केशव प्रसाद चंद्रा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बिलासपुर संभागान्तर्गत अनियमित, संविदा, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी कितने हैं, जिलेवार बतायें ? **(ख)** प्रश्नांक "क" के उत्तर में उपरोक्त कर्मचारियों की नियमितिकरण हेतु क्या शासन द्वारा समिति का गठन किया गया है, यदि हां तो समिति में कौन-कौन सदस्य हैं, बतायें ? **(ग)** क्या समिति के सदस्यों द्वारा नियमितिकरण हेतु बैठक आयोजित की गई है, यदि हां, तो कब-कब एवं उसमें क्या कार्यवाही की गई, बतायें और कब-तक नियमितिकरण किया जावेगा, बतायें ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख) जी हाँ। सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांक एफ 12-1/2019/1-3, दिनांक 11.12.2019 द्वारा प्रमुख सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम विभाग की अध्यक्षता में निम्नानुसार समिति गठित की गई है- 1 प्रमुख सचिव, विधि और विधायी कार्य विभाग -सदस्य 2 सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग -सदस्य-सचिव 3 सचिव, वित्त विभाग -सदस्य 4 सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग -सदस्य 5 सचिव, आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास विभाग -सदस्य **(ग)** जी हॉ। समिति की बैठक दिनांक 09.01.2020 को आहूत की गई थी। जिसमें समिति द्वारा लिए गए निर्णय/अनुशंसा अनुसार शासन के समस्त विभाग से अनियमित, दैनिक वेतनभोगी एवं संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों संख्यात्मक जानकारी चाही गई है एवं समिति की बैठक दिनांक 16.08.2022 को लिए गए निर्णय/अनुशंसा अनुसार पांच बिन्दुओं की जानकारी समस्त विभागों से निर्धारित प्रपत्र में चाही गई है। समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतालीस"]

विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर में स्थापित डोलोमाइट खदान

[खनिज साधन]

40. (क्र. 174) श्री केशव प्रसाद चंद्रा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में डोलोमाईट की खदान कहां-कहां पर स्थापित हैं, खदानवार, स्थानवार जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांक "क" के अनुसार उपरोक्त खदानों का क्रेशर किन-किन स्थानों में स्थापित हैं, स्थापित खसरा, रकबा सहित बतायें ? **(ग)** क्या डोलोमाइट खदानों से जंगल के रास्ते से पत्थर की ढुलाई की शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में डोलोमाइट के कुल 14 उत्खननपट्टे स्वीकृत/संचालित है। खदानवार, स्थानवार जानकारी "**संलग्न प्रपत्र अ**" अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांक "क" में उल्लेखित खनिज डोलोमाइट के कुल 14 उत्खननपट्टेधारियों में से 07 खदान मालिको द्वारा क्रेशर स्थापित किया गया है। खसरावार, रकबावार जानकारी "**संलग्न प्रपत्र ब**" अनुसार है। **(ग)** जी नहीं। डोलोमाइट खदानों से जंगल के रास्ते से पत्थर की ढुलाई की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तालीस"]

पामगढ़ विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी व पाईप लाईन विस्तार की जानकारी

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

41. (क्र. 178) श्रीमती इंदू बंजारे : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ऐसे कितने ग्राम हैं जिसमें जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी एवं पाईप लाईन विस्तार कार्य स्वीकृत नहीं हुये हैं ? स्वीकृत नहीं होने का क्या कारण है ? जानकारी देवें?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरु रुद्र कुमार) : पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत् छः ग्राम कुटराबोड, सिर्री, पनगांव, धनगांव, कुकदा एवं नगारीडीह में पानी टंकी कार्य स्वीकृत नहीं हुए है। समस्त ग्रामों में

पाईप लाईन विस्तार कार्य स्वीकृत है। उक्त छः ग्रामों में पर्याप्त क्षमता की पानी टंकी निर्मित है, अतएव अतिरिक्त पानी टंकी की आवश्यकता नहीं है।

पामगढ़ विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जेवरा में संचालित क्रेशर से वर्ष 2021-2022 से प्राप्त रायल्टी राशि की जानकारी

[खनिज साधन]

42. (क्र. 179) श्रीमती इंदू बंजारे : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जेवरा में संचालित क्रेशर से वर्ष 2021-2022 से 2022-23 में दिनांक 30 नवम्बर, 2022 तक प्राप्त रायल्टी राशि की वर्षवार जानकारी देवें?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ विधानसभा क्षेत्रांतर्गत ग्राम जेवरा में मेसर्स कृष्णा मिनरल्स, प्रो0 श्री राहुल खण्डेलिया को निम्न श्रेणी चूनापत्थर उत्खननपट्टा स्वीकृत है, जिसमें क्रेशर स्थापित है। उक्त चूनापत्थर उत्खननपट्टा से वित्तीय वर्ष 2021-22 में रायल्टी राशि रूपये 01 लाख 90 हजार एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 (30 नवम्बर 2022 तक) में रायल्टी राशि रूपये 02 लाख 40 हजार प्राप्त हुई है।

ग्रामोद्योग को प्रोत्साहित करने एवं नवीन उद्योग स्थापित करने के लिये अनुदान

[ग्रामोद्योग]

43. (क्र. 183) श्री शिवरतन शर्मा : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** शासन द्वारा ग्रामोद्योग को प्रोंत्साहित करने हेतु कौन-कौन सी योजना संचालित है तथा किस-किस उद्योग के स्थापित करने पर शासन द्वारा कितना-कितना अनुदान शासन द्वारा प्रदान किया जाता है? **(ख)** पिछले 03 वर्षो में किस-किस जिले में कौन-कौन से उद्योग स्थापित किये गये हैं, जिसमें शासन ने कितना-कितना अनुदान प्रदान किया है?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरु रुद्र कुमार) : (क) शासन द्वारा ग्रामोद्योग को प्रोत्साहित करने हेतु संचालित योजनाओं की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है तथा उद्योग के स्थापित करने पर शासन द्वारा प्रदान अनुदान की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है। **(ख)** पिछले 03 वर्षों में स्थापित उद्योग तथा शासन द्वारा प्रदाय अनुदान की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-स** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्चास"]

उदन्ती सीतानदी अभ्यारण्य की स्थापना

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

44. (क्र. 187) डॉ. लक्ष्मी ध्रुव : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** उदन्ती सीतानदी अभ्यारण्य की स्थापना कब की गयी है ? उक्त क्षेत्र में कितने प्रकार के जीव-जन्तु कितने-कितने संख्या में हैं ? **(ख)** उदन्ती सीतानदी अभ्यारण्य स्थापना से प्रश्नावधि तक जीव-जन्तुओं के देखरेख में शासन द्वारा कितनी-कितनी राशि खर्च की गई है ? वर्षवार जानकारी देवें ?

वन मंत्री (श्री मोहम्मद अकबर) : (क) उदंती अभ्यारण्य की स्थापना दिनांक 09.03.1983 एवं सीतानदी अभ्यारण्य की स्थापना दिनांक 01.11.1974 को की गई थी। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के पश्चात अधिसूचना दिनांक 20 फरवरी 2009 द्वारा दोनों अभ्यारण्यों को मिलाकर उदंती-सीतानदी टायगर रिजर्व का गठन किया गया है। वर्तमान में उदन्ती-सीतानदी अभ्यारण्य, टायगर रिजर्व के रूप संचालित है। उक्त क्षेत्र में मुख्य रूप से बाघ, तेन्दुआ, भालू, लोमड़ी, कबरबिज्जू, लकड़बग्घा, जंगली बिल्ली, सोन कुत्ता, नेवला, हाथी, वन भैंसा, हिरण, सांभर, कोटरी, चौसिंगा, जंगली सूअर, नीलगाय, खरगोश, काला-लाल बंदर, चूहा, उड़न गिलहरी, जाईंट इंडियन गिलहरी, मयूर, किंग फिशर, कोयल, ग्रे-हर्नबिल, मलाबार, पाइंट हार्नबिल, डोंगो लिटिल कामोरिंट, तोता, कॉमन मैना, उल्लू, तितुर, चमगादड़ टिटहरी, बगुल, नाग, कोबरा, करैत, अजगर, मानिटर लिजर्ड, धमना, अहराज, चिंगराज, घोड़ा करैत इत्यादि पाये जाते हैं। भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून द्वारा केवल बाघ एवं तेन्दुआ की आंकलन रिपोर्ट जारी की जाती है, जिसके अनुसार वर्ष 2018 में

उदन्ती-सीतानदी टायगर रिजर्व में 01 बाघ की उपस्थिति पायी गयी। तेन्दुआ की आंकलन रिपोर्ट प्रदेश स्तरीय जारी होने के कारण छत्तीसगढ़ प्रदेश में 852 (813-891) तेन्दुआ आंकलित किये गये हैं। शेष जीव-जन्तुओं की गणना न होने के कारण उनका संख्यात्मक आंकलन उपलब्ध नहीं है। **(ख)** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व गरियाबंद की स्थापना से प्रश्नावधि तक वन्यप्राणियों का संरक्षण संवर्धन, विकास एवं देखरेख में किए गए व्यय की वर्षवार जानकारी निम्नानुसार है:-

क्र.	वित्तीय वर्ष	व्यय राशि (लाख में)
1	2013-14	350.945
2	2014-15	1807.925
3	2015-16	1495.408
4	2016-17	1911.021
5	2017-18	1881.659
6	2018-19	1604.985
7	2019-20	1854.58
8	2020-21	1577.685
9	2021-22	2298.746
10	2022-23 Upto Question date	950.828

बालोद जिला में पेयजल की व्यवस्था हेतु केन्द्र तथा राज्य सरकार की योजनायें

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

45. (क्र. 190) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2019-20 से दिनांक 07 दिसम्बर, 2022 तक बालोद जिला में पेयजल की व्यवस्था हेतु केन्द्र तथा राज्य सरकार की किन-किन योजनाओं के अंतर्गत किस-किस कार्य हेतु कितनी-कितनी राशि की स्वीकृति मिली विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ख)** उक्त अवधि में कितने नलकूप खनन किये गये? इनमें से कितने सफल एवं असफल रहे तथा इस कार्य में कितनी राशि व्यय हुई? विकासखण्डवार जानकारी देवें?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरु रुद्र कुमार) : (क) वर्ष 2019-20 से दिनांक 07 दिसम्बर, 2022 तक बालोद जिला में पेयजल की व्यवस्था हेतु केन्द्र एवं राज्य बजट द्वारा स्वीकृत कार्य की विकासखण्डवार एवं योजनावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है।**(ख)** उक्त अवधि में बालोद जिले के अंतर्गत कुल 706 नलकूप खनन किये गये। इनमें से 526 नलकूप सफल एवं 180 नलकूप असफल रहे। इस कार्य में कुल रु. 661.75 लाख की राशि व्यय हुई। विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पचास "]

बालोद जिले में सिंचाई हेतु दिये गये एवं लंबित स्थायी विद्युत पंप कनेक्शन

[ऊर्जा]

46. (क्र. 191) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2021-22 व 2022-23 में बालोद जिले में कुल कितने किसानों को सिंचाई हेतु स्थायी विद्युत पंप कनेक्शन प्रदाय करने का लक्ष्य रखा गया था? विधानसभा क्षेत्रवार पृथक कर बतावें. **(ख)** लक्ष्य के विरूद्ध दिनांक 07 दिसम्बर, 2022 तक कितने स्थायी कनेक्शन दिये जा चुके हैं एवं कितने लंबित हैं? लंबित कनेक्शन कब तक प्रदान कर दिये जावेंगे?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) बालोद जिले में वर्ष 2021-22 एवं वर्ष 2022-23 में कुल 3,164 किसानों को सिंचाई हेतु स्थायी विद्युत पंप कनेक्शन प्रदाय करने का लक्ष्य रखा गया था। वर्षवार, विधानसभावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** लक्ष्य के विरूद्ध दिनांक 07 दिसम्बर, 2022 तक 2,313 कृषकों को स्थायी विद्युत कनेक्शन

दिये जा चुके हैं। लक्ष्य में से शेष 851 (3164-2313) कृषकों के विद्युत लाइन विस्तार का कार्य मार्च 2023 तक पूर्ण किये जावेंगे।
[संलग्न "परिशिष्ट - इन्क्यावन"]

बेमेतरा जिले ग्रामोद्योग के माध्यम से लिए गए ऋणों पर अनुदान

[ग्रामोद्योग]

47. (क्र. 195) श्री आशीष कुमार छाबड़ा : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बेमेतरा जिले में वर्ष 2019-20, 2020-21 , 2021-22 में खादी एवं ग्रामोद्योग के माध्यम से लिए गए ऋणों पर राज्य सरकार द्वारा दी गई अनुदान की राशि की जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्ननांश "क" अंतर्गत यदि अनुदान की राशि नहीं दी गई है तो कब तक दी जावेगी ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरु रुद्र कुमार) : (क) बेमेतरा जिले में वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22 में खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के माध्यम से लिए गए ऋणों पर राज्य सरकार द्वारा कुल 17 हितग्राहियों को राशि रूपये 7.00 लाख अनुदान दी गई तथा 18 हितग्राहियों को राशि रूपये 7.35 लाख अनुदान प्रदाय करना शेष है। **(ख)** निश्चित समय अवधि बताना संभव नहीं है।

जिला राजनांदगांव में ग्राम उद्योग हेतु स्वीकृत अनुदान

[ग्रामोद्योग]

48. (क्र. 196) श्री भुनेश्वर शोभाराम बघेल : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** ग्रामोद्योग के तहत विभाग द्वारा कौन-कौन से उद्योग संचालित किए जाते हैं? **(ख)** अविभाजित जिला राजनांदगांव अंतर्गत वर्तमान में कितने ग्रामोद्योग संचालित हैं ? विकासखंड वार जानकारी दें । **(ग)** प्रश्नांश "ख" के इन उद्योगों को वर्ष 2021- 22 एवं वर्ष 2022 -23 में विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत किन किन मदों से कितनी आर्थिक सहायता एवं अनुदान राशि स्वीकृत की गई है? जानकारी प्रदान करें?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरु रुद्र कुमार) : (क) ग्रामोद्योग के तहत विभाग द्वारा हाथकरघा उद्योग, खनिज आधारित उद्योग, वन आधारित उद्योग, कृषि आधारित और खाद उद्योग, बहुलक और रसायन आधारित उद्योग, इंजीनियर और गैर परंपरागत उर्जा, वस्त्र उद्योग, सेवा उद्योग तथा शासकीय वस्त्र प्रदाय योजना संचालित किये जाते हैं। **(ख)** अविभाजित जिला राजनांदगांव अंतर्गत वर्तमान में संचालित ग्रामोद्योग की विकासखंड वार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ग)** प्रश्नांश "ख" के इन उद्योगों को वर्ष 2021-22 एवं वर्ष 2022-23 में विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत किन किन मदों से कितनी आर्थिक सहायता एवं अनुदान राशि स्वीकृति की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बावन"]

अविभाजित राजनांदगांव जिला अंतर्गत कृषि पंपों का उर्जीकरण

[ऊर्जा]

49. (क्र. 199) श्री भुनेश्वर शोभाराम बघेल : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अविभाजित जिला राजनांदगांव अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के द्वारा वर्ष 2021 -22 एवं 2022 -23 में कृषि पंपों को उर्जीकरण हेतु क्या लक्ष्य रखा गया है ? **(ख)** वर्ष 2021 -22 में अभी तक कितने कृषि पंपों का उर्जीकरण कर स्थाई कनेक्शन दिया गया है ? विधानसभा श्रेत्र डोंगरगढ़ अंतर्गत ब्लाकों में कृषि पंपों का स्थाई कनेक्शन के लिए कुल कितने आवेदन लंबित है ? इन्हें स्थाई कनेक्शन कब तक दिया जाएगा ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) अविभाजित जिला राजनांदगांव के अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के द्वारा वर्ष 2021-22 के लिए 5,217 एवं वर्ष 2022-23 हेतु 2,846 कृषि पम्पों के ऊर्जीकरण का लक्ष्य निर्धारित है। **(ख)** वर्ष 2021-22 के लक्ष्य के विरूद्ध अद्यतन तक 5,212 कृषि पम्पों का ऊर्जीकरण कर स्थाई कनेक्शन प्रदान किया गया है। 05 किसानों के द्वारा आर.ओ.डब्ल्यू. उपलब्ध नहीं कराये जाने पर इनके कार्य निरस्त किये गये हैं। विधानसभा क्षेत्र डोंगरगढ़ अंतर्गत विकासखण्डों में 30 नवंबर 2022 की स्थिति में कृषि पम्पों के स्थाई कनेक्शन के लिए

कुल 1,487 आवेदन लंबित हैं। वर्ष 2022-23 के लिए पम्प ऊर्जीकरण हेतु निर्धारित लक्ष्य में विधानसभा क्षेत्र डोंगरगढ़ के कुल 408 पम्प शामिल है। जिनमें से 76 पम्पों के कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं एवं शेष 332 पम्पों का कार्य प्रगति पर है। जिनके कार्य 31 मार्च 2023 तक किये जाने के प्रयास है। अतिशेष 1,079 (1,487-408) लंबित पम्पों के कार्य को वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता एवं वरीयता के अनुसार आगामी वर्ष में किया जा सकेगा।

खुज्जी विधानसभा श्रेत्र में क्रेडा विभाग द्वारा स्वीकृत कार्य

[ऊर्जा]

50. (क्र. 201) श्रीमती छन्नी चंद्रू साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत क्रेडा द्वारा दिनांक 01-04 2020से दिनांक 30-11-2022 तक कुल कितने सोलर डयूल, मिनिमास्क लाईट हाईमास्क लाईट एवं स्ट्रीट लाइट की स्वीकृति किन-किन मदों से करने हेतु कार्यदेश प्राप्त हुआ ? निविदा वार, वर्ष वार, कार्य वार, राशि, एजेंसी सहित जानकारी देवे? **(ख)** किन-किन स्थानों पर सोलर ड्यूल मिनिमास्क लाईट, हाईमास्क लाईट एवं स्ट्रीट लाईट स्थापित किए गए हैं और किन-किन स्थानों में कार्य शेष है ? विकास खंड वार जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत क्रेडा द्वारा दिनांक 01-04-2020 से दिनांक 30-11-2022 तक कुल 36 नग सोलर डयूल पंप, 20 नग सोलर हाईमास्ट लाईट के स्थापना की स्वीकृति, क्रमशः जल जीवन मिशन, जिला खनिज संस्थान न्यास मद तथा विशेष योजना (ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहन) से करने हेतु कार्यदिश प्राप्त हुआ है। सोलर मिनीमास्ट लाईट तथा स्ट्रीट लाईट हेतु कोई भी स्वीकृति प्राप्त नही हुई है। निविदावार, वर्षवार, कार्यवार, राशि, एजेंसी सहित जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** उत्तरांश 'क'' की प्रश्नावधि मे कुल 36 स्थलों पर सोलर डयूल पंप तथा 19 स्थलों पर सोलर हाईमास्ट लाईटों की स्थापना की गई है। 01 स्थल पर सोलर हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य प्रगति पर है। विकासखण्ड वार जानकारी **''संलग्न प्रपत्र -ब''** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तिरपन"]

खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में हेंडपंप में फ्लोराइड एवं आयरन युक्त पानी की प्राप्त शिकायतें

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

51. (क्र. 202) श्रीमती छन्नी चंद्रू साहू : क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 2020-21से दिनांक 30-11-2022 तक किन-किन ग्रामपंचायतों /टोलों में फ्लोराइड/आयरन पानी की शिकायत प्राप्त हुई है ? कितने हेंडपंपों को पेयजल हेतु प्रतिबंधित कर चिन्हित किया गया है ? विकास खंड वार, वर्ष वार जानकारी देवे ? **(ख)** चिन्हित हेंडपंप के स्थान पर पेयजल हेतु क्या वैकल्पिक व्यवस्था की गई है ?कृपया बताएं ?

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री (श्री गुरु रुद्र कुमार) : (क) खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 2020-21 से दिनांक 30-11-2022 तक किसी भी ग्राम पंचायतों/टोलों में फ्लोराइड/आयरन पानी की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। अपितु खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अम्बागढ. चौकी विकासखण्ड के 05 ग्राम पंचायतों के 05 ग्रामों के 07 हैंडपम्पों में पेयजल परीक्षण में आयरन की मात्रा स्वीकार्य सीमा से अधिक पाई गई है। आयरन प्रभावित उक्त 07 हैंडपम्पों को चिन्हित कर पेयजल हेतु प्रतिबंधित किया गया है।विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** आयरन प्रभावित उक्त 05 ग्रामों में स्थापित पेयजल व्यवस्था की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौवन"]

जिला राजनांदगांव में खनिज रॉयल्टी के जारी क्लियरेंस

[खनिज साधन]

52. (क्र. 203) श्रीमती छन्नी चंद्रू साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** राजनांदगांव जिले में वर्ष 2021-2022 से 2022-2023 में नवम्बर, 2022 तक कितने रॉयल्टी क्लियरेंस जारी किए गए हैं ? विभाग वार,

ठेकेदार के नाम पता सहित जानकारी देवें ? **(ख)** खनिज चूना पत्थर, मुरम की रॉयल्टी क्लियरेंस की विभाग द्वारा कितनी मात्रा में रॉयल्टी पर्ची जारी की गयी है ? कृपया बतावें ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) जिला राजनांदगांव में वित्तीय वर्ष 2021-22 में 559 एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 में 30 नवम्बर, 2022 तक 104 कुल 663 रायल्टी क्लियरेंस प्रमाणपत्र जारी किया गया है । विभागवार, ठेकेदार के नाम पता सहित जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** विभाग द्वारा रॉयल्टी क्लियरेंस की रॉयल्टी पर्ची पृथक से जारी नहीं किया जाता है। जिले में प्रश्नाधीन अवधि में खनिज चूनापत्थर हेतु मात्रा 5,22,447 टन तथा खनिज मुरूम हेतु मात्रा 4,51,443 घन मीटर के लिये अभिवहन पारपत्र जारी किया गया है।

नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में सोलर ऊर्जा एवं सौर उपकरण की स्थापना

[ऊर्जा]

53. (क्र. 205) श्री चंदन कश्यप : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नारायणपुर, बस्तर एवं कोण्डागांव जिले में वित्तीय वर्ष 2020-21 से 01-12-2022 तक क्रेडा विभाग द्वारा कितने गांवों में सोलर ऊर्जा की स्थापना कुल कितनी लागत से की गई है ? जिलेवार, वर्षवार जानकारी बतावें ? **(ख)** प्रश्न ''क'' से संदर्भित जिलों में विभाग द्वारा कितने पेयजल पंप, सौर सिचाई पंप, सौर सामुदायिक सिचाई पंप, सोलर होम लाईट, सोलर हाई मास्ट एवं सोलर पावर प्लांट लगाये गये हैं ? कृपया जिलेवार जानकारी देवें ? **(ग)** प्रश्न ''ख'' अनुसार कार्य हेतु विभाग द्वारा किस-किस एजेंसी/फर्म को कार्यादेश जारी किया गया है? जिलेवार तथा कार्यवार जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नारायणपुर, बस्तर एवं कोण्डागॉव जिले मे वित्तीय वर्ष 2020-21 से 01-12-2022 तक क्रेडा विभाग द्वारा कुल 737 ग्रामों में विभिन्न परियोजना अंतर्गत सौर संयंत्रों (सोलर ऊर्जा) की स्थापना कुल राशि रूपये 69 करोड़ 17 लाख 30 हजार की लागत से की गई है। जिलेवार व वर्षवार जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** उत्तरांश ''क'' से संदर्भित जिलों में क्रेडा द्वारा 201 नग सोलर ड्यूल पंप (पेयजल पंप), 1641 नग सौर सिंचाई पंप, 95 नग सोलर होम लाईट, 81 नग सोलर हाईमास्ट एवं 10 नग सोलर पावर प्लांट लगाये गये है। सौर सामुदायिक सिंचाई पंपों की जानकारी निरंक है। जिलेवार जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-ब''** अनुसार है। **(ग)** उत्तरांश ''ख'' अनुसार कार्य हेतु एजेंसीं/फर्म की जिलेवार एवं कार्यवार जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-स''** अनुसार है। **[संलग्न "परिशिष्ट - पचपन"]**

बस्तर संभाग अंतर्गत मीटर रीडिंग व आधिक बिजली बिल संबंधी प्राप्त शिकायतें

[ऊर्जा]

54. (क्र. 206) श्री चंदन कश्यप : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बस्तर संभाग अंतर्गत जिलों में मीटर रीडिंग/स्पॉट बिलिंग का कार्य किस-किस एजेंसी/संस्था द्वारा किया जा रहा है ? जिलेवार जानकारी देवें ? **(ख)** उक्त जिलों के विद्युत वितरण केन्द्र में 01 जनवरी, 2021 से 01 दिसम्बर, 2022 तक अधिक विद्युत बिल की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं ? उपभोक्ताओं को अधिक विद्युत बिल दिये जाने हेतु कौन दोषी है ? दोषियों के विरूद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई है ? जिलेवार बतावें ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) बस्तर संभाग के अंतर्गत स्थित जिलों में मीटर रीडिंग/स्पॉट बिलिंग का कार्य किसी एजेंसी/संस्था को न देकर व्यक्तिगत रूप से पृथक पृथक मीटर रीडर को जारी किया गया है जिसकी जिलेवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''अ''** अनुसार है। **(ख)** उक्त जिलों के विद्युत वितरण केन्द्र में 01 जनवरी 2021 से 01 दिसम्बर 2022 तक अधिक विद्युत बिल/गलत बिल जारी होने की कुल 1,952 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। उपभोक्ताओं को अधिक विद्युत बिल/गलत बिल जारी किये जाने हेतु दोषी मीटर रीडर एवं उनके विरूद्ध की गयी कार्यवाही की जिलेवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''ब''** अनुसार है।

बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में कृषि भूमि में विद्युतलाईन लगाये जाने हेतु प्राप्त आवेदनों के क्रियान्वयन की स्थिति

[ऊर्जा]

55. (क्र. 210) श्री बघेल लखेश्वर : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में वर्ष 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 में विषयान्तर्गत कितने आवेदन पत्र डिमाण्ड नोट की राशि भुगतान पूर्ण करने के साथ प्राप्त हुये तथा प्राप्त आवेदनों में कितने प्रकरणों का निराकरण कर लिया गया है ? कृपया जिलेवार संख्यात्मक जानकारी देंवे ? **(ख)** कृपया बतावें कि विषयान्तर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु विभाग के द्वारा कोई समय-सीमा निर्धारित है ? **(ग)** लंबित आवेदनों का निराकरण कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेश बघेल) : (क) बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में वर्ष 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 में कृषि पम्पों हेतु डिमाण्ड नोट की राशि भुगतान पूर्ण (औपचारिकता पूर्ण) किये गये आवेदनों में निराकृत किये गए प्रकरणों के संख्या की वर्षवार एवं जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** उत्तरांश ''क'' के प्राप्त आवेदनों में से 8,208 औपचारिकता पूर्ण लंबित आवेदनों के विरूद्ध 4,781 पम्पों के ऊर्जीकरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके कार्य मार्च 2023 तक किये जाने के प्रयास है। शेष 3,427 (8,208-4,781) पम्पों के कार्य वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के अनुरूप आगामी वर्ष में किए जावेंगे, इस हेतु समय सीमा निर्धारित नहीं है। **(ग)** 3,427 लंबित आवेदनों को वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के अनुरूप वरिष्ठता (कृषकों द्वारा भुगतान की गयी राशि की तिथि) के अनुसार आगामी वर्ष में विद्युत कनेक्शन प्रदान किया जा सकेगा।

[संलग्न "परिशिष्ट - छप्पन"]

जिला बस्तर अंतर्गत ग्रामों में गौढ़ खनिज (मुरूम) उत्खनन से हुये गढ्डों को पाटा जाना

[खनिज साधन]

